चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 118, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net


प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 27 मई 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## यूपी में है कानून का राज: सीएम

## निवेशकों से अपील है कि उत्तर प्रदेश में कहीं भी किसी प्रकार उद्यम खड़ा करके निवेश करें

**कानपुर।** औद्योगिक नगरी कानपुर में निवेश की ढेरों संभावनाएं हैं और हर क्षेत्र में निवेशक निवेश कर रहे हैं। यहां के निवेशकों से अपील है कि उत्तर प्रदेश में कहीं भी किसी प्रकार उद्यम खड़ा करके निवेश करें। निवेश से आपका रुपया भी सुरक्षित रहेगा और लाभ भी मिलेगा। अब वह दिन नहीं है कि कोई आपको परेशान करेगा और पूरे मन से निवेश कर लोगों को रोजगार उपलब्ध कराएं। अब तो कानपुर एयर कनेक्टिविटी से भी पूरी तरह से जुड़ गया है जिससे विकास को पंख लग सकेंगे। यह बातें शुक्रवार को कानपुर एयरपोर्ट के नये टर्मिनल का शुभारंभ करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि कानपुर में हवाई सेवा तो शुरू की गई थी लेकिन यहां की आबादी या लोगों की आवाजाही को लेकर कोई स्पष्ट योजना नहीं थी। इससे यहां के लोगों को एयर कनेक्टिविटी का लाभ नहीं मिल पाता था जो विकास में बाधा बन रहा था। आज कानपुरवासियों को चार सौ करोड़ की परियोजनाओं का लाभ मिलने जा रहा है और अब कानपुर पूरी तरह से एयर कनेक्टिविटी से जुड़ गया। इससे निवेश के जरिये उत्तर प्रदेश के विकास में गति देने वालों को बहुत अधिक लाभ मिलेगा। कानपुरवासियों को अब विकास को लेकर घबराने की जरुरत नहीं है आपने शहर में भी भाजपा की सरकार बना दी। प्रदेश और देश में भी भाजपा की सरकार है। इस ट्रिपल इंजन की सरकार में विकास भी तीन गुना की वृद्धि दर से होगी।









## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर पलटने से एक युवक की हुई मौत

**कोरांव।** थाना कोरांव क्षेत्र के सिरोंखर गांव मे ट्रैक्टर पलट जाने से एक युवक की मौत हो गई दुर्घटना के बाद घायल को सीएचसी कोराव पहुंचाया गया जहा ड्राक्टरो ने मृत घोषित कर दिया मृतक का नाम प्रेम शंकर 34 वर्ष पुत्र कन्हैया लाल निवासी ग्राम सिरोंखर है घटना शुक्रवार सुबह प्रातः की है कोरांव पुलिस ने लाश पंचनामा भराकर पोस्ट मार्डम जिला अस्पताल भेज दिया मृतकों के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### पुरानी रंजिश में महिला को मारा पीटा, चार पर केस

**मऊआइमा।** पुरानी रंजिश को ले कर महिला को मारा पीटा गया और गालियां दी गई। महिला ने थाने में तहरीर दे कर चार के खिलाफ केस करा दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सिंसई भदरपुर निवासनीय रेशमा बानों पत्नी शौकत अली का आरोप है कि पडोसियों द्वारा पुरानी रंजिश को ले कर उसे मारा पीटा गया और गालियां दी गई। रेशमा बानों ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर मोहम्मद रईस, दौलत अली, मोहम्मद साहिल, मोहम्मद समीर के खिलाफ केस करा दी है।

# पुलिस ने किया लैब टेक्नीशियन की हत्या का खुलासा, आलाकत्ल किया बरामद

अखंड भारत संदेश

**फूलपुर।** फूलपुर पुलिस ने काल्विन अस्पताल में लैब टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत बबुल्ली राम जाटव की हत्या का शुक्रवार को खुलासा करते हुए दो अभियुक्तों के पास से आलाकत्ल बरामद करते हुए जेल भेज दिया। फूलपुर थाना क्षेत्र के सराय लीली उर्फ खोजापुर के राजकीय पशु चिकित्सालय आवासीय कालोनी में रह रहे जौनपुर जनपद के थाना सुरेरी निवासी बबुल्ली राम जाटव पुत्र पतिराम की विगत 15 मई की रात अज्ञात बदमाशों द्वारा घर में घुसकर धारदार हथियारों से कूच कर हत्या कर दी गई थी। हत्या की जानकारी पर पहुंचे मृतक के भाई होरीलाल ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराकर कार्रवाई की मांग की थी। घटना के बाद से ही गंगानगर डीसीपी अभिषेक भारती ने सर्विलांस कार्यालय से तीन टीमों का गठन कर घटना के अनावरण का निर्देश दिया। एक पखवाड़े बाद




लैब टेक्नीशियन की हत्या में शामिल अभियुक्तों के साथ विधिक कार्रवाई करती पुलिस

पुलिस टीम ने फूलपुर थाना क्षेत्र के सराय लीली उर्फ खोजापुर गांव निवासी अजय कुमार यादव 24 पुत्र रामजतन यादव व सेफखानपुर मय चक सालिक गांव निवासी राजू उर्फ उमेश कुमार 23 पुत्र रमेश कुमार को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर आला कत्ल चाकू,लोहे की राड बरामद कर विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया। अभियुक्तों ने पुलिस को बताया की अभियुक्त अजय यादव रूबी ( काल्पनिक नाम) से प्यार करता था उक्त रूबी से मृतक बबुल्ली राम भी लगाव रखने लगा था जो अजय यादव को नागवार लगती थी।वही मृतक बबुल्ली राम ने भी अजय को धमकी देते हुए रूबी से दूर रहने की चेतावनी दी थी। दूसरी तरफ मृतक बबुल्ली राम ने अपने भतीजे की पत्नी बबली से दूसरे अभियुक्त राजू उर्फ उमेश कुमार एकतरफा प्यार करता था जिसकी जानकारी होने पर मृतक बबुल्ली राम ने राजू उर्फ उमेश कुमार को डांट फटकार लगाई थी। दोनों अभियुक्तों ने पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर शराब के नशे में घर के आंगन में सोए हुए बबुल्ली राम का लोहे की राड व चाकू से हत्या की घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। पुलिस ने सर्विलांस की मदद से दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया तो दोनों ने हत्या की बात कबूल करते हुए अजय यादव ने खेत से आला कत्ल बरामद कराया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्तों को जेल भेज दिया।



## दिव्यांग बेटी ने पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी दिखाई रुचि

**जारी।** जारी कस्बे के गड़ैया कला की प्रिया दिव्यांग बेटी महज 20 वर्ष की आयु में पढ़ाई के साथ-साथ खेल के मैदान में महारत हासिल किया है। डॉ शकुंतला मिश्रा पुनर्वास विश्वविद्यालय लखनऊ से बीए. प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होकर इंटरनेशनल क्रिकेट चैंपियनशिप चैंपियन फार डीक में उत्तर प्रदेश से चयनित होकर बेंगलुरु इंटरनेशनल टूनामेंट श्रृंखला में बेहतर प्रदर्शन कर जनपद प्रयागराज का नाम रोशन करते हुए दिव्यांग बच्चों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनी।तो वही इनके पिता अमर बहादुर बताते हैं कि प्रिया बचपन से ही पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी काफी रुचि रखती थी और आज इस मुकाम पर पहुंच गई है। हमारी बिटिया प्रिया शकुंतला मिश्रा पुनर्वास विश्वविद्यालय लखनऊ से बीए. प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की है। प्रिया के पिता ने बताया कि क्षेत्र के ग्राम रोजगार सेवक एवं समाजसेवी होने के नाते मै अपनी बिटिया को रात दिन मेहनत कर आज इस मुकाम पर पहुंचाया है पूरे तन मन से बेटी का हौसला बढ़ाया है। और इस स्थान तक पहुंचाया है। हमारे मान के साथ-साथ पूरे बारा विधानसभा का भी मान बढ़ाया है और अन्य दिव्यांग बच्चों के माता-पिता भी अपने बच्चों के लिए प्रेरणास्त्रोत बने। और कहा कि दिव्यांग बच्चों के माता-पिता इन बच्चों को बोझ ना समझें। इस तरह के बच्चे भी मां-बाप का व समाज का नाम रोशन करेंगे और अपने पैरों पर खड़े होकर आत्मनिर्भर बनेंगे और दूसरों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनेंगे। दिव्यांग बेटी प्रिया ने क्रिकेट के मैदान में अपनी महारत हासिल किया है। और पूरे उत्तर प्रदेश को गौरवान्वित किया है।

## अपहृत किशोरी की आरोपी महिला अभी तक नही हुई बरामद

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** मऊआइमा में पांच दिन पूर्व बारात देखाने के बहाने पडोस की किशोरी को गांव की चर्चित महिला अपहरण कर ले गयी। परन्तु आज तक आरोपी महिला पुलिस के गिरफ्त से दूर है। परिजन किन्हीं अनहोनी से सहमे हुए हैं। मऊआइमा की निवासी सोलह वर्षीय किशोरी को बारात देखाने पडोसी चर्चित महिला 21 मई को रात में ले गयी। उसके बाद से महिला और किशोरी का कुछ पता नहीं चला। किशोरी की माता ने मऊआइमा थाने में 24 मई को किशोरी को अपहरण करने के आरोप में गांव की अर्चना सिंह पत्नी पिंटू सिंह उर्फ अवधेश सिंह के खिलाफ अपहरण करने तथा एक अज्ञात युवक जो फोन से किशोरी के घर बातें करते हुए

### आरोपी महिला का पति भी जालसाजी में दो माह से जेल में है बंद

गुमराह करता है। उक्त अज्ञात के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज है। बता दें कि दो माह पूर्व अर्चना का पति पिंटू उर्फ अवधेश सिंह ने ग्राम बसरही के मनोज कुमार मिश्रा से पुलिस के नाम पर बीस हजार रूपए मऊआइमा थाने में लेकर जमीन कब्जा कराने का ठेका लिया था। जब इसकी जानकारी पुलिस को हुई तो वह पिंटू सिंह उर्फ अवधेश सिंह के खिलाफ जाल साजी सहित अनेकों धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पिंटू सिंह उर्फ अवधेश सिंह को पुलिस ने जेल भेज दिया। बताया गया है कि उक्त दंपती का यही घृणित कार्य है। जिससे ग्रामीण परेशान रहते हैं।

# शोएब अंसारी ने चौथीबार नगर पंचायत अध्यक्ष पद का लिया शपथ

## छह महिलाओं एंव आठ पुरूषों ने भी सदस्य पद की शपथ ली

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** सपा से लगातार चौथीबार हाजी मो शोएब अंसारी ने शुक्रवार को ईश्वर के नाम पर शपथ ग्रहण किए। बाद में चौदह सदस्यों ने भी हल्फ ली। मऊआइमा कस्बा के कन्या पाठ शाला विद्यालय के प्रांगण में शुक्रवार को नगर पंचायत अध्यक्ष पद के शपथ ग्रहण समारोह में बडी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिए। सर्वप्रथम एसी एम चतुर्थ रमेश मौर्य ने सपा से लगातार चौथीबार अध्यक्ष पद पर काबिज हो रहे शोएब अंसारी को शपथग्रहण कराए। उसके बाद आठ पुरूषों व छह महिलाओं को एक साथ शपथ दिलाया गया। वार्ड संख्या एक से असगरी बेगम, दो से सोनी देवी,तीन से भाजपा के रवि साहू, चार से भाजपा के राहुल, पांच से फिरोजा बानों ,छह से मुजीब अहमद, सात से उजमा बानों, आठ से मोहम्मद मोबीन ,नौ से शकीला बानों ,दस से तबस्सुम शकील ,ग्यारह से कौशरगयास ,बारह से भाजपा से प्रदीप कुमार केसरवानी ,तेरह से दिलशाद अहमद, चौदह से अतीक अहमद ने शपथग्रहण किए। इस भाव्य शपथग्रहण में हजारों की भीड मौजूद






रही। इसके पूर्व शपथग्रहण समारोह की अध्यक्षता डाक्टर नदीम तथा संचालन मेराज आरिफ ने किया।समारोह में क्षेत्रीय विधायक गीता पासी शास्त्री क्षविशिष्ट अतिथि ,पूर्व सांसद धर्मराज पटेल ,ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि इम्तियाज समी ,नूर उद्दीन सैफी ,उमैर जलाल ,मुख्तारूल हक अंसारी ,इन्दुभाल त्रिपाठी ,पूर्व एम एल सी बासुदेव यादव। ,जिला पंचायत सदस्य कमरूल हसन ,सपा जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल कुमार यादव ,लेखपाल संघ के अध्यक्ष राज कुमार सागर , ग्राम प्रधान मऊआइमा तीरथ यादव ,संदीप यादव पूर्व प्रमुख सोरांव आदि के अलावा बडी संख्या में क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों ने अपने अपने विचार रखे। शपथग्रहण के बाद आए हुई जनता ,अगंतुकों को जल पान कराया गया तथा मिष्ठानों का वितरण किया गया।

### फिरोजा बानों ने चौथीबार वहीं तबस्सुम शकील ने हैट्रिक लगाते हुए शपथ ग्रहण की

**मऊआइमा।** मऊआइमा नगर पंचायत में सदस्य पद के लिए दो महिलाओं ने जीत का इतिहास रचा। जिन्हें शुक्रवार को शपथ ग्रहण कराया गया। वार्ड संख्या पांच आजमपुर नया पूरा से फिरोजा बानों ने चौथी बार जीती और चौथीबार शपथग्रहण की। इसी प्रकार वार्ड संख्या दस आजमपुर पूर्वी से तबस्सुम शकील ने जीत की हैट्रिक लगाते हुए तीसरी बार शपथग्रहण कर लोगों का दिल जीत लिए।

### मैं जनता का सेवक हूँ जनता की सेवा करते करते मर जाऊं तो कोई गम नहीं : शोएब अंसारी

#### मझे सभी जाति धर्मों एंव हर दल के लोगों ने वोट दिया है मैं सब का शुक्रगुजार हूं

**मऊआइमा।** में सदैव जनता की सेवा करता हूँ और करता रहूंगा चाहे मेरी जान क्यों न चली जाए। उक्त बातें चौथीबार शपथग्रहण के बाद एकत्रित भीड से शोएब अंसारी ने कहा। शोएब अंसारी ने कहा कि जब कोरोना काल आया तो हमारे साथियों ने मेरे साथ मिल कर जनता को हर संभव सहायता की। जब चुनाव आया तो कतिपय धन्ना सेठों की पैसों की बहार आ गई। अनाज, दाल, चावल ,चीनी , बंटने लगे। शोएब अंसारी ने कहा कि में जब 2012 में हज पर गया तो खाना काबा को पकड कर अल्लाह से दुआ किया था कि अल्लाह में अगर जनता का सेवक बनने लायक हूँ तो बना देना वरना हरा देना। शोएब अंसारी ने कहा कि मऊआइमा के तीस पैंतीस धन्ना सेठों को हरा कर चुनाव जीत गया। शोएब अंसारी ने कहा कि मुझे हर जाति समाज दलों के लोगों ने वोट दिया में सब का तहेदिल से शुक्रिया अदा करता हूँ।

# एसडीएम कोराव ने चेयरमैन और सभासदों को दिलाई शपथ नगर पंचायत की नई सरकार का कार्य काल शुरू

अखंड भारत संदेश

**कोरांव।** नगर पंचायत कोराव के संपन्न हुए चुनाव में विजई उम्मीदवारों का शपथ समारोह शुक्रवार को संस्कृत पाठशाला कोराव में संपन्न हुआ। शपथ चुनाव आयोग सरकार के आदेशानुसार उप जिलाधिकारी कोराव सुदामा वर्मा ने निर्वाचित नगर अध्यक्ष ओम केसरी और कुल ग्यारह सभासदों को क्रमवार दिलाई। श्री वर्मा ने नए चेयरमैन श्री केसरी सहित सभी सभासदों को आशीर्वाद और शुभकामनाएं तथा बधाइयां दी । साथ ही नगर के समग्र विकास हेतु नई कमेटी को जन सुविधाओं के निदान में जुटने का आश्वासन करते हुए अपने और सरकार प्रसाधन स्तर से जो भी सहयोग होगा उसे करने का आश्वासन नई नगर पंचायत सरकार कोरांव को दिया। इसी प्रकार समारोह में किसी बड़े सत्ता धारी लीडर की हाजिरी नहीं दिखी। किंतु

### निर्वाचित जन प्रतिनिधि नगर विकाश में जुटें : सुदामा वर्मा



उम्मीदवार रहे अवधनारागण तिवारी,पूजा चतुवेर्दी उम्मीदवार सपा के पति राजू चौबे, पूर्व ब्लॉक प्रमुख राम अवध कुशवाहा, कुंवर दिवाकर प्रताप सिंह डईया, सुरेश तिवारी प्रधान संघ जिला अध्यक्ष, खंड शिक्षा अधिकारी कोरांव रिजवान अहमद, आरती कोल, भाजपा नेता तुलसी दास राना, पंडित पुष्कर नाथ त्रिपाठी, वीरेंद्र प्रताप सिंह, अजीत प्रताप सिंह, केसरी परिवार के काफी लोग, कई अधिवक्ता,ग्राम प्रधान,पत्रकार,सामाजिक कार्यकर्ता सभी दल के कार्यकर्ता मौजूद रहे। समारोह की अध्यक्षता हरी शंकर मिश्र ने किया। नगर पंचायत के ई ओ त्रिलोकी नाथ मिश्र ने नई गठित नगर पंचायत कोरांव की सरकार की पहली बैठक कर विकास कार्यों के रूप रेखा को अंजाम दिया। संचालन ए पी सिंह एडबोकेट ने किया।

### आप लोगों ने मुझे माला नहीं विकास का बोझ डाला है : ओम केसरी


शपथ लेने के बाद ओम केसरी नए चेयरमैन ने समारोह में कहा कि को माला आज आप लोग पहनाए हैं वह मेरे ऊपर विकास का बोझ डाले हैं। सभी वार्डों के सम्मानित सर्व धर्म मतदाताओं का शुक्रिया अदा किया। और कहा यह मेरी जीत आप सब की जीत है। नगर की मूल भूत समस्याओं का निदान मेरी प्राथमिकताओं में होगी। उन्होंने कहा नगर के विकास में मेरे नगर पंचायत के कार्यकारिणी गठित सरकार के लोग सहयोग करें,इससे नगर का चहुमुखी विकास जो सके।

# प्रभु परमात्मा के वचनों को अंगीकार करने से ही सफल होती है भक्ति : महात्मा सुलेख साथी

## निरंकारी मिशन के केन्द्रीय प्रचारक महात्मा सुलेख साथी ने संतो को सिखाया भक्ति का गुन

अखंड भारत संदेश

**फूलपुर।** संत सदैव सबके हित की बात करता है। वह प्रभु परमात्मा के वचनों पर चलकर जाति धर्म सम्प्रदाय से ऊपर उठकर मानव की सेवा करता है और मानवता के मिशन को आगे बढ़ाता है। जिस प्रकार से दवा को शरीर के अंदर लेने के बाद ही उसका लेना सार्थक होता है ठीक उसी प्रकार से प्रभु की कही बातों को अंगीकार करने पर ही हमारी भक्ति सफल होती है। निरंकारी मिशन मानवता का मिशन है। जिसे सदगुरु माता सुदीक्षा जी महराज की कृपा से आगे बढ़ाया जा रहा है। यह बातें फूलपुर क्षेत्र के ढोकरी गांव में संत निरंकारी मिशन द्वारा आयोजित सत्संग में दिल्ली से आए ब्रम्हज्ञानी महात्मा कवि सिरमौर सुलेख साथी ने संतों के बीच शुक्रवार को अपने प्रवचन में कही। उन्होंने कहा कि रूहानियत और इंसानियत का संदेश देने वाले परमात्मा के ज्ञान से ही हमें भक्ति प्राप्त होती है। प्रभु निराकार है उसकी जिसपर कृपा होगी वह उसी को ही दिखाई देगा। हमें मानव जीवन में ही प्रभु की पहचान होती है। मानव का मानव के प्रति प्रेम ही परमात्मा का दर्शन कराता है। सत्संग में प्रयागराज के





संतों को भक्ति की दात देते केन्द्रीय प्रचारक महात्मा सुलेख साथी व प्रभु दर्शन में मगन संतजन

बैरहना प्रमुख व जोनल इंचार्ज अशोक सचदेवा ने कहा कि बिना सतगुरु की कृपा से हमें सेवा सत्संग और सुमिरन नहीं मिल सकता। जिन महात्मा को जीवन में सत्संग मिल रही है वह बहुत ही भाग्यशाली हैं। फूलपुर ब्रांच के मुखी भोलानाथ ने सत्संग को सुंदर रूप देने के लिए सभी संतों के प्रति कृतज्ञता जाहिर करते हुए सेवादल के महात्माओं को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि जब हम प्रभु को जानकर भक्ति करते हैं तो हमें परम आनन्द की प्राप्ति होती है। सत्संग में महात्मा ओंकार नाथ ने राम भुलाके बंदे तुने बंदे बिरथा जनम गंवाया है,भुल गया तु ए इंसान काया दुर्लभ पाया है गीत गाया तो महात्मा भावविभोर हो गए। सत्संग में मुख्य रूप से करमजीत,ओम प्रकाश,सेवादल प्रमुख राजधारी,पवन,शिव मिलन गौतम, रंजीत, सुरजीत (कुमार मंगल),नीलम सहित सैकड़ों की संख्या में महात्मा मौजूद रहे।

## करोड़ों कीमत की अनुसूचितों की कृषक पट्टे की भूमि नियम विरुद्ध तरीके से कर दिया बैनामा

अखंड भारत संदेश

**करछना।** तहसील प्रशासन की मिली भगत से विकास खंड करछना के ग्राम पंचायत अंतहिया/ गढ़वा कला में करोड़ों रुपए कीमत की सात बीघा भूमि अनुसूचित जाति के लोगो के नाम से कृषक पट्टे के नाम से आवंटित किया गया था, उक्त अनुसूचित जातियों के नाम से दर्ज कृषक पट्टे की भूमि की कीमत वर्तमान में लगभग करोड़ रुपए की आसपास बताई जा रही है, तथा उक्त भूमि पर भूमाफियाओं की नजर पड़ी तो राजस्व कर्मियों से साठ गांठ करके नियम विरुद्ध तरीके से बिक्री कर दी गई जानकारी मिलते ग्राम प्रधान माधवेंद्र नारायण मिश्र ने एसडीएम करछना को लिखिल शिकायत करते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की मामले

### प्रधान की शिकायत पर एसडीएम ने दिया जांच का आदेश

को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने जांच के आदेश दिए हैं, इसके पूर्व में भी पट्टे की जमीन राजीव अग्रवाल पुत्र डीके अग्रवाल निवासी ग्राम देवरख नैनी प्रयागराज के द्वारा गलत तरीके से बैनामा कराया गया था उक्त भूमि का बैनामा पुनः विक्रेता सतीश चंद पुत्र संतलाल निवासी देव रखने के द्वारा राममूर्ति पुत्र लाला निवासी बस्तर बेलाही को बैनामा किया गया है जबकि विक्रय भूमि ग्राम गढ़वा कला तालुका खाई की बंजर के खाते में गाटा संख्या 123 मिलजुमला लगभग सात बीघा भूमि अनुसूचित जाति के लोगो के नाम पट्टा किया गया है जो नियम विरुद्ध तरीके से बैनामा कराया गया है।

# दबंगों ने गुंडई के दम पर जोती खड़ी फसल

अखंड भारत संदेश

**करछना।** थाना क्षेत्र के भरहा गांव के रहने वाले चन्द्रमा प्रसाद पटेल पुत्र गिरधारी लाल ने करछना थाने पर प्रार्थना पत्र देकर कारवाई करने? की मांग की है बता दे की चन्द्रमा प्रसाद पटेल के पिता की मृत्यु के बाद चंद्रमा की देखभाल मां के साथ चाचा शिवधारी लाल पटेल व? चाची की देख देख में लालन पालन हुआ चन्द्रमा प्रसाद का विवाह भी चाचा चाची ने ही किया था जिसके बाद सब कुछ ठीक चल रहा था चाचा की भी लगभग 55साल की आयु में मौत हो गई जिसके बाद से चन्द्रमा प्रसाद पटेल अपनी मां के साथ चाची का भी पुरा ख्याल रखते हुए परिवार का गुजर बसर करते रहे मां की मौत के मां चाची यह गई थी धीरे-धीरे चाची बुढ़ी होती चली गई जिसके बाद चाची का दिमाग कमजोर हो गया जिसका फायदा उठाते हुए गांव के ही कुछ षड्यंत्रकारिओ द्वारा चाची को बहला फुसलाकर मायक ले जाया गया जहां दवा के बहाने तहसील ले जाया गया जहां बिना किसी जानकारी के बुढ़ी शिवकली से बैनामा करा लिया गया जिसकी जानकारी धीरे धीरे गांव में फैली तो चन्द्रमा प्रसाद पटेल तहसील जाकर जानकारी करनी शुरू कर दी



कई दिनों तक दायरे में न होने की वजह से जानकारी नहीं है सकी जिसके बाद बैनामे के आधार पर जांच की गई तो हकीकत सामने आई जिसके बाद चन्द्रमा प्रसाद पटेल ने फर्जी तरिके से कराए गए बैनामे के साथ ही बंधक बनी चाची को छुड़ाने के लिए पुलिस अधिकारियों से शिकायत की गई जिसके बाद पुलिस जांच में जुटी तो मामला सही पाया गया जिसमें पुलिस ने। महिला को चंगुल से छुड़ाकर लाया गया जहां मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया जिसके बयान के आधार पर षड्यंत्रकारिओ के खिलाफ फर्जी बैनामा कराने व धोखाधड़ी के साथ ही कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया जिसके बाद से ही मामले कोर्ट में पेश हुआ है और बिना किसी फैसले के ही आज सुबह दबंगई के साथ खेत में बोई मवेशीओ के लिए चारे के लिए हरि चरी की फसल को नष्ट कर दिया गया जिसके बाद जानकारी के बाद मामले को लेकर चन्द्रमा प्रसाद पटेल ने करछना थाने पर लिखित शिकायत करते हुए कार्यवाही की मांग की है।




शिविर में समाधान के लिए मौजूद अधिकारी।

## किसान सम्मान निधि के विशेष शिविर का हुआ आयोजन

**सहसों।** शासन द्वारा निर्दिष्ट विकास खण्ड की ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के समस्या के समाधान के लिए हर गांव पंचायत स्तर पर विशेष शिविर लगाकर किसानों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। इसी के तहत विकास खण्ड सहसों क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिगहियां में कैंप लगाकर 149 किसानों की समस्याओं के आवेदन पत्र का समाधान किया गया। जिसमें शिविर में 47 पात्र तथा 63 बाहरी अपात्र के अतिरिक्त 12 मृतक, एक नौकरी पेशा तथा 26 भूमिहीनों को चिन्हित किया गया और कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा उचित कार्रवाई की गई। शिविर में अधिकारियों द्वारा पात्र लाभार्थियों की केवाईसी कराकर किसानों की समस्या का समाधान किया गया। इस अवसर एडीओ एजी दिलीप मौर्य, ग्राम पंचायत अधिकारी राजेश सिंह, ग्राम प्रधान गीता जायसवाल, लेखपाल रितेश केसरवानी, सुरेश जायसवाल सहित आदि ग्रामीण व जरूरतमंद लोग उपस्थित रहे।





# 100 पार्षदों संग गणेश ने ली मेयर पद की शपथ

**डिप्टी सीएम शपथ ग्रहण समारोह में रहे मौजूद, मेयर गणेश केसरवानी को गदा दी गई, कमिश्नर ने दिलाई शपथ**

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज में 100 पार्षदों के साथ गणेश केसरवानी ने आज शुक्रवार को केपी कॉलेज के मैदान में पद की शपथ ग्रहण की। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य मंच पर मौजूद रहे। प्रयागराज मंडल के कमिश्नर विजय विश्वास पंत ने मेयर गणेश केसरवानी पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। पूर्व मेयर अभिलाषा गुप्ता नंदी ने नए मेयर गणेश केसरवानी को गदा भेंट कर कार्यभार सौंपा। गणेश केसरवानी शपथ लेने के बाद नगर निगम पहुंचे और वहां कार्यभार ग्रहण किया। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद ने सभी नए चुनकर आए मेयर और पार्षदों को बधाई दी। शपथ ग्रहण समारोह में आने वाले प्रत्येक लोगों के माथे पर तिलक लगाकर उनका स्वागत किया जा रहा था। यहां शपथ लेने वाले पार्षदों में सबसे ज्यादा पार्षद भाजपा के ही हैं। मेयर गणेश केसरवानी के साथ 56 पार्षद भाजपा के हैं। निर्दल पार्षदों की संख्या 19 है, जबकि सपा के 16 पार्षद ने भी शपथ ली। कांग्रेस पार्टी के चार, एमआईएम, बसपा व निर्बल शोषित हमारा आम दल के 2-2 पार्षद चुनाव जीतकर आए थे। उन्होंने ने भी शपथ ली।




### जाम में फंसे चार पार्षद, अब सदन की पहली बैठक में लेंगे शपथ

समारोह में 100 में से 96 पार्षदों ने ही शपथ ली। चार पार्षद चकिया वार्ड की जहांआरा, तुलसीपुर की इरफाना वसीम, पूरा मनोहर दास की असमा फातिमा एवं अटाला के सरफराज अहमद समारोह में शामिल नहीं हो पाए। अब इन्हें सदन की पहली बैठक में शपथ दिलाई जाएगी। सरफराज ने बताया कि रामबाग में जाम लगा था। इसकी वजह से समारोह में पहुंचने में देर हो गई। चकिया की पार्षद जहांआरा के पति मो. आजम एवं तुलसीपुर की इरफाना का कहना था कि जुमे की नमाज थी। इसके अलावा जाम भी लगा था। इसकी वजह से पहुंचने में देर हो गई।

### हर दिन एक मोहल्ले में लगेगी स्वच्छता की पाठशाला

मेयर गणेश केसरवानी ने शपथ लेने के बाद लोगों को संबोधित किया। उन्होंने जनता ने जो भरोसा मुझ पर किया है उस पूरा शत प्रतिशत खरा उतरने का प्रयास करूंगा। सफाई पर विशेष फोकस होगा। प्रत्येक दिन एक मोहल्ले में स्वच्छता की पाठशाला लगेगी। यहां सिर्फ स्वच्छता की बात होगी। इसी तरह आने वाले महाकुंभ 2025 की तैयारियों पर भी फोकस होगा। महाकुंभ दिव्य और भव्य होगा इसका पूरा ख्याल रखा जाएगा।

# डीसीएम-कार की टक्कर से क्राइम ब्रांच इंस्पेक्टर समेत दो की मौत

अखंड भारत संदेश

**हंडिया।** हंडिया कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर शुक्रवार को भीषण हादसा हो गया। रांग साइड से आ रही डीएसएम ने इंस्पेक्टर की कार में टक्कर मार दी। हादसे में अलीगढ़ क्राइम ब्रांच में तैनात इंस्पेक्टर और उनके ड्राइवर की मौत हो गई। उनकी पत्नी और दो बेटे गंभीर रूप से घायल हैं। पांचों लोग फिरोजाबाद से चंदौली जाने के लिए सुबह घर से निकले थे। वहां एक शादी समारोह में शामिल होना था। घायल पत्नी और बेटों को एसआरएन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। यूपी के चंदौली जनपद के बलवा थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव निवासी चंद्रशेखर यादव (45) पुलिस विभाग में इंस्पेक्टर थे। वर्तमान में क्राइम ब्रांच अलीगढ़ में पोस्टेड थे। वह फिरोजाबाद में मकान बनाकर परिवार सहित रहते थे। इंस्पेक्टर हंडिया ने बताया कि चंद्रशेखर यादव के गांव में परिवार में किसी की शादी थी। उसी में शामिल होने के लिए शुक्रवार सुबह अपनी पत्नी नीलम यादव (40), बेटे अंश यादव (14) और वंश यादव (10) को लेकर क्रेटा कार से जा रहे थे। गाड़ी उनका ड्राइवर रिंकू राठौर (35) चला रहा था। वह फिरोजाबाद के हिमौरपुर, कोथाली दक्षिणी का रहने वाला था।हंडिया के ऊपरदहा गांव के सामने नेशनल हाईवे पर रांग साइड से आ रही डीसीएम से उनकी कार की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जिसमें कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को कार से किसी तरह से बाहर निकाला और सीएचसी हंडिया ले गए। जहां से सभी को स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। एसआरएन हॉस्पिटल पहुंचने पर चिकित्सकों ने इंस्पेक्टर चंद्रशेखर यादव और ड्राइवर रिंकू राठौर को मृत घोषित कर दिया। उनकी पत्नी नीलम यादव, बेटे अंश और वंश को भर्ती कराया गया है।

पत्नी व दो बेटे घायल



# युवती के साथ छेड़छाड़ पुलिस ने नही की कार्यवाही

**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के दुर्जनपुर में गुरुवार को कुछ युवक एक मकान में घुस गए। घर के अंदर पढ़ रही युवती के अकेला पा कर उसके साथ जोर जबरजस्ती करने लगे। लड़की के शोर मचाने पर पहुची उसकी माँ व भाई को दबंगो ने जम कर पीटा। तीनो को चेहरे हाथ पर गंभीर चोट आई। शिकायत के बाद भी स्थानीय पुलिस ने कोई कार्यवाही नही की पीड़ित ने मामले की लिखित शिकायत अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर से की है। दुर्जनपुर गांव में गुरुवार को दिन दहाड़े कुछ दबंग एक घर मे घुस गए। वह एक युवती पढ़ रही थी। युवती को अकेला देख युवकी की नीयत बदल गई और वो उसके साथ जबरजस्ती करने लगे। शोर मचाने पर युवती की माँ व भाई भी आ गया। विरोध करने पर उसके भाई को धारदार से हाथ व चेहरे पर वार कर घायल कर दिया। दबंगो ने लड़की व उसकी माँ को भी नही छोड़ा और जम कर पीटा। मामले की शिकायत स्थानीय पुलिस से की गई पर कोई कार्यवाही नही हुई। पीड़ित परिवार ने गुरुवार को मामले की शिकायत अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर से की है।

### पुलिस ने चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**नैनी।** नैनी पुलिस द्वारा चोरी का आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह द्वारा गठित की गई पुलिस टीम ने थाना स्थानीय पर आरोपी युवक शनि सिंह पुत्र शंकर सिंह निवासी बलरामपुर थाना कालीतोला जनपद पुरूलिया वेस्ट बंगाल वर्तमान पता-इण्डियन आयल पेट्रोल पम्प के पीछे ग्राम सिमरा घूरपुर उम्र करीब 19 वर्ष को छिवकी रामलीला मैदान थाना क्षेत्र नैनी से गिरफ्तार कर लिया पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार युवक के कब्जे से चोरी के 19850/- रुपए बरामद करते हुए नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी गिरफ्तारी टीम में दरोगा प्रेमकांत सिंह दरोगा संदीप यादव तथा सिपाही संजय कुमार आदि शामिल रहे।

# घायल गुंजा के सिर की हुई पहली ड्रेसिंग सिर में पाए गए काले धब्बे, आज किया जाएगा इलाज

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** डीजे की धुन पर डांस करते वक्त पांच दिन पहले जनरेटर के पंखे में बाल फंसने से हादसे का शिकार हुई हाईस्कूल की छात्रा गुंजा के सिर की पहले ड्रेसिंग शुक्रवार को हुई। ड्रेसिंग के दौरान ही पता चला कि उसके सिर में कई काले धब्बे पड़ गए हैं। काले धब्बे के कारण संक्रमण फैलने का भी खतरा बढ़ गया है। अस्पताल संचालक डॉ. एसएन यादव ने बताया कि शनिवार को उसके सिर में पड़े काले धब्बे को प्लास्टिक सर्जन आपरेशन कर निकालेंगे। संक्रमण के डर से अस्पताल के चिकित्सको ने उसे आईसीयू से वार्ड में भी शिफ्ट नहीं किया। अभी कुछ दिन और गुंजा को आईसीयू में ही रखा जाएगा।गंगापार के सैदाबाद के ढोकरी गांव में 22 मई को निशान ले जाते वक्त डीजे की धुन पर डांस कर रही 16 वर्षीय गुंजा के बाल जनरेटर के पंखे में फंस गए थे। इससे किशोरी के बाल, सिर, माथे और गर्दन के कुछ हिस्से की चमड़ी समेत उखड़ गए थे। खून से लथपथ 16 साल की गुंजा को हनुमानगंज के बीकापुर गांव स्थित गामा चिकित्सा संस्थान में कराया गया था। **सिर में लगे हैं सात सौ से अधिक टांके :** अस्पताल में तकरीबन तीन घंटे तक चले आपरेशन के बाद गुंजा के सिर में 700 से अधिक टांके लगाए गए। तब जाकर उसकी जान बचाई जा सकी। दूसरे दिन उसे होश आया था। पैसे के अभाव के कारण सीएमओ डॉ. अंशु पांडेय के निर्देश पर गुंजा का सिटी स्कैन शहर के स्कैनिंग सेंटर में निःशुल्क कराया गया। सिटी स्कैन की रिपोर्ट से पता चला कि उसके सिर के बाएं हिस्से की हड्डी टूट गई है। साथ ही सिर के कुछ हिस्से में सूजन भी है। शुक्रवार को गुंजा के सिर की पहली ड्रेसिंग की गई।



**शहर की मुसलिम महिला आर्थिक मदद लेकर अस्पताल पहुंची, परिजनों को बंधाया ढांढस :** हादसे में गंभीर रुप से जख्मी गुंजा के उपचार के लिए लोगों के आर्थिक मदद देने का सिलसिला शुक्रवार को भी जारी रहा। शुक्रवार को शहर की एक मुसलिम महिला आर्थिक मदद लेकर हनुमानगंज के अस्पताल पहुंची। इस दौरान उसने गुंजा के मां-बाप को ढांढास भी बंधाया। मुसलिम महिला ने गुंजा के परिजनों को बतौर आर्थिक मदद 15 हजार रुपये प्रदान किया।नाम न बताने की शर्त पर महिला ने परिजनों को आगे भी आर्थिक मदद किए जाने का आश्वासन दिया है। इसके पहले नेहरू ग्राम भारती विश्वविद्यालय के सचिव मनीष मिश्र, फूलपुर सांसद केसरी देवी पटेल, फूलपुर विधायक प्रवीण सिंह पटेल के प्रतिनिधि टीएन सिंह, रिटायर्ड बैंक अफसर अरविंद पांडेय भी गुंजा के परिजनों को आर्थिक मदद कर चुके है। फूलपुर विधायक प्रवीण सिंह पटेल ने तो उसके ईलाज में आने वाले पूरे खर्च को विधायक निधि से देने का आश्वासन दिया है।

# मेजा में अध्यक्ष समेत 13 सदस्यों ने ली शपथ

अखंड भारत संदेश

**जनता से विकास का किया वादा, एसडीएम-एसीपी व ईओ की मौजूदगी में समारोह**

**मेजा प्रयागराज।** मेजा में मांडा ब्लॉक के भारतगंज में शुक्रवार शाम को नवनिर्वाचित अध्यक्ष समेत सदस्यों ने मेजा एसडीएम व एसीपी की मौजूदगी में शपथ ग्रहण कर विकास कार्यों का भरोसा दिलाया। मांडा ब्लॉक के नगर पंचायत भरतगंज में शुक्रवार की शाम मेजा एसडीएम अभिनव कनौजिया व एसीपी मेजा विमल किशोर मिश्र, ईओ बंटी कुमारी की मौजूदगी में नवनिर्वाचित अध्यक्ष फरा बेगम व तेरह सदस्यों हीरावती, सुनीता, सीमा, कुंवर नितेश, हिना बेगम, श्याम जी, इफ्फ्टरूही, शुभम केसरी, हुस्न बानो, तबस्सुम, इरशाद, डॉ मकसूद और अंसार अहमद ने शपथ ग्रहण की।इस दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने नगर पंचायत की जनता का सर्वप्रथम आभार व्यक्त किया। कहा की समूचे नगर पंचायत की पहले गंदगी, नालियां, क्षतिग्रस्त सड़कों की व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त कराया जाएगा। इसके अलावा नगर के प्रत्येक कस्बे में कूड़ा उठाने के लिए वाहन को भेजा जाएगा। लोग घरों का कूड़ा गाड़ी में डालकर सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने में मदद करें। इसके अलावा भी अध्यक्ष ने बिजली पानी की व्यवस्था पर जोर दिया। कहा कि शॉर्ट सर्किट वाले जर्जर तारों को बदलकर नए केबलिंग का कार्य कराया जाएगा। साथ ही बिजली ठप होने पर नगरवासियों तक टैंकर से पानी उपलब्ध कराया जाएगा। इस मौके पर सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर कार्यवाही प्रभारी निरीक्षक सुभाष सिंह यादव, भारतगंज चौकी प्रभारी दुर्गेश सिंह सहित स्थानीय नगरवासियों समेत भारी तादात में लोगों की भारी भीड़ जुटी रही।

# जिलाधिकारी ने की अवैध खनन व अवैध परिवहन पर अंकुश लगाये जाने के सम्बंध में समीक्षा बैठक

**अवैध खनन व ओवर लोडिंग वाहनों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के दिए निर्देश**

**टॉस्क फोर्स द्वारा 09 वाहन सीज किए गए एवं 45 वाहनों का किया गया चालान**

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में शुक्रवार को संगम सभागार में अवैध खनन व अवैध परिवहन में अंकुश लगाये जाने के सम्बंध समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है कि अवैध खनन न हो। उपजिलाधिकारी एवं सहायक पुलिस आयुक्त कड़ाई से यह सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्रान्तर्गत अवैध खनन न होने पाये। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है कि जिसका जितना पट्टा निर्धारित है, यदि उससे अधिक खनन करते हुए पाया गया तो सम्बंधित प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष की जिम्मेदारी होगी। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक पट्टा धारक यह सुनिश्चित करें कि खनन वाले स्थान पर पीटीजेट कैमरा, पिलर और तौल मशीन लगी होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने टॉस्ट फोर्स का गठन किया है, जिसमें एसडीएम, एआरटीओ, एसीपी एवं खनन विभाग के अधिकारी संयुक्त रूप से वाहनों की चेकिंग करें। दिनांक 25.05.2023 को टॉस्क फोर्स द्वारा 09 वाहन सीज किए गए एवं 45 वाहनों का चालान किया गया। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन हर्षदेव पाण्डेय, एडीएम वित्त एवं राजस्व जगदम्बा सिंह, उपजिलाधिकारी गण, सहायक पुलिस आयुक्त, एआरटीओ एवं खनन विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# केंद्रीय विद्यालय न्यू कैंट के संस्थागत छात्रों का भविष्य लगा दांव पर!

**विद्यालय प्रबंधन ने प्रवेश सूची बदल कर दूसरी सूची की जारी, नाराज अभिभावकों ने केवी विद्यालय वाराणसी परिक्षेत्र के उपायुक्त से की शिकायत, पीसीबी वर्ग का सेक्शन बढ़ाने का अभिभावकों ने किया अनुरोध**

**प्रयागराज।** भारत सरकार के मानव संसाधन मंत्रालय के अधीन संचालित केन्द्रीय विद्यालय न्यू कैन्ट प्रयागराज में नवीन सत्र-2023-24 के कक्षा ग्यारहवीं में प्रवेश की सूची केन्द्रीय विद्यालय संगठन के नियमो के विपरित जारी होने के मामले ने टूल पकड़ लिया है। अभिभावकों ने केन्द्रीय विद्यालय संगठन वाराणसी परिक्षेत्र के डिप्टी कमिश्नर को प्रतिवेदन देकर प्रवेश सूची को निरस्त कर पीसीबी वर्ग में प्रवेश के इच्छुक छात्रों के अनुरूप प्रवेश सूची विद्यालय द्वारा जारी पहली सूची बहाल किए जाने का अनुरोधन किया है। केंद्रीय विद्यालय न्यू कैंट प्रयागराज के संस्थागत छात्र, छात्राओं को नवीन सत्र में कक्षा 11 वीं में प्रवेश हेतु छात्रों द्वारा भरे गए आवेदन पत्र में जिस संवर्ग विषय में भरे गए थे उनके अनुरूप विद्यालय द्वारा पहली सूची 21 मई को जारी कर दी थी उसे निरस्त कर दोबारा 24 मई को जो प्रवेश सूची जारी कि गई वह केंद्रीय विद्यालय संगठन के गाइड लाइन के अनुरूप न होने के कारण अभिभावकों व संस्थागत छात्रों में नाराजगी व्याप्त है। विद्यालय प्रबंधन पहली प्रवेश सूची निरस्त कर दोबारा सूची जारी करने का सही जबाव न दिए जाने से नाराज अभिभावकों ने शुक्रवार को वाराणसी परिक्षेत्र के केंद्रीय विद्यालय संगठन के डिप्टी कमिश्नर को प्रतिवेदन भेजकर 24 मई की जारी प्रवेश सूची निरस्त कर 21 मई वाली सूची बहाल करने का अनुरोध किया है। संस्थागत छात्रों के अभिभावकों का कहना है कि केन्द्रीय विद्यालय न्यू कैन्ट में विगत दस वर्षों से पढ़ते हुये बच्चे आज हाईस्कूल की परीक्षा पास कर अपने लक्ष्य व भविष्य को डाक्टर, इंजीनियरिंग की दिशा में दुनियां तय करने के लिये कक्षा ग्यारह पीसीबी विषय (बायो वर्ग) से करते कि उससे पहले केन्द्रीय विद्यालय न्यू कैन्ट की प्रधानाचार्या सुचित्रा के दिशा निर्देश पर सूची तैयार करने वाले जीएस यादव और आमिर खान ने अपने ही विद्यालय के बच्चों का इंजीनियरिंग और डाक्टरी का दिशा और भविष्य बनाने वाला विषय से बच्चों की इच्छा के विरुद्ध जबरजस्ती वाणिज्य विषय मे नाम डालकर बच्चों का भविष्य चौपट करने की सूची सूचना पट्ट पर चस्पा कर प्रधानाचार्या खुद पन्द्रह दिन की अवकाश पर चली गयी है। अभिभावकों ने बताया कि केन्द्रीय विद्यालय न्यू कैन्ट के गेट पर तैनात सुरक्षा गार्डों से पूछे जाने पर उनका कहना है कि चस्पा सूची के अनुसार 30 मई से सम्बंधित विषय के अनुक्रम में फीस जमा करना है और 17 जून को स्कूल खुलने पर ही प्रधानाचार्या अथवा एडमिशन सेल के प्रभारी से बात कर सकते है उसके पहले नहीं। यदि पीसीएम के दो और वाणिज्य के दो सेक्सन बनाये जा सकते है तो बायो वर्ग की चाहत के अनुरूप पीसीबी के दो सेक्सन क्यो नहीं बनाया जा सकता। वाणिज्य विषय के दो सेक्सन में अपनी पसन्द से क्रमशः पन्द्रह और अड्डारह बच्चे ही पढ़ना चाहते है तो उन्हे वाणिज्य का एक सेक्सन बनाकर पढ़ाया जा सकता है और वाणिज्य के एक अतिरिक्त सेक्सन को पीसीबी में समायोजित किया जा सकता है। अभिभावको का यह कहना है कि इस वर्ष केन्द्रीय विद्यालय न्यू कैन्ट के कक्षा ग्यारह में एक चौथाई बच्चे फेल हो गए है जिनकी वजह से नये बच्चो को उनका पसंदीदा विषय नहीं मिल पा रहा है। बच्चो का कहना है कि ग्यारह में फेल बच्चो के कारण उन्हें इसका शिकार क्यो बनाया जा रहा है। यदि कक्षा ग्यारह में सौ बच्चे है और सबके सब फेल हो जाय तो क्या कक्षा दस उत्तीर्ण किये हुये बच्चो को प्रवेश नही दिया जाएगा? या कोई विकल्प बनाया जाएगा? इसका उत्तर तो यही है कि विकल्प बनाया जाएगा। अभिभावकों ने उपयुक्त केन्द्रीय विद्यालय संगठन परिक्षेत्र वाराणसी मांग किया है कि कक्षा ग्यारह में पीसीबी वर्ग के बच्चों की संख्या बढ़ रही है तो बढ़ती संख्या के अनुक्रम में पीसीएम और वाणिज्य विषय की भांति पीसीबी विषय मे भी दो सेक्सन बनाने की कृपा करें ताकि केवीएस के बच्चों को भविष्य का डाक्टर बनने की उम्मीद पर पानी फिरने से बचाया जा सके।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है भारतीय जीवन बीमा निगम की पॉलसी संख्या 314 315 315 में भूल वश रन्नो देवी पत्नी जय सिंह यादव चक सहन पुर मंझनपुर ओसा जनपद कौशांबी लिख गया है जो गलत है सही नाम सिया रानी पत्नी जय सिंह चकसहन पुर मंझनपुर ओसा जनपद कौशांबी है।

# नैनी प्रयागराज के इलाके में शुक्रवार को भोर में घंटों बारिश हुई लोगों को मिली राहत

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** प्रयागराज के इलाके में शुक्रवार को भोर में घंटों बारिश हुई शुक्रवार को लोगों को काफी राहत मिली है प्रयागराज में मौसम ने एक बार फिर करवट बदला है 2 दिन से लगातार सुबह में आसमान में काले बादल छाते और जैसे-जैसे दिन चढ़ता वैसे वैसे आसमान से काले बादल गायब होने लगते और दोपहर होते-होते सूर्य की तल्खी देखने को मिलती। जिसके वजह से लोगों को दिन भर कड़ी थूप और गर्मी के थपेड़े झेलने पढ़ते थे। गर्मी की वजह से लोगों का बाहर निकलना मुश्किल हो गया था। लोग बाहर निकलने से पहले अपने शरीर को गमछे से ढंक कर ही बाहर निकलते थे आज शहर का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस वहीं आज सुबह से आसमान में काले बादलों का आवाजाही लगा है और हल्की हल्की हवाएं भी चल रही हैं जिसकी वजह से शहर का मौसम बेहद सुहावना हो गया है। सड़कों पर लोगों की आवाजाही सामान्य दिखी। वहीं आज तापमान में गिरावट देखने को मिला है कल जहां शहर का अधिकतम तापमान 42 डेग्री सेल्सियिस था। वहीं आज दोपहर में अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियिस है, जबकि न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस है। मौसम विभाग की माने तो शाम तक हल्की हवाओं के साथ बूदाबांदी हो सकता है अगले 2 दिनों तक आसमान में छाए रहेंगे बादल, बारिश की भी संभावना प्रयागराज में पिछले कई दिनों लोग चिलचिलाती धूप से परेशान थे। वहीं दो दिनों से मौसम में बदलाव देखने को मिला है। जहां दो दिनं तक सूर्य ने सुबह में आंख मिचौली खेलने के बाद दोपहर से आग उगल रहा था और रात में मौसम बिल्कुल ठंडा हो जाता था वहीं आज सुबह से बादलों ने आसमान में डेरा डाल दिया है, जिसके वजह से लोगों को थोड़ा गर्मी से राहत मिली है मौसम विभाग की माने अगले दो दिनों तक ऐसे ही आसमान में बादलों का डेरा रहेगा और हल्की हवाओं के साथ बारिश भी हो सकती है।

### बिजली चमक के गिरी,वृद्ध झुलस कर घायल

**कोराव।** शुक्रवार को ग्राम पथरताल में समय अपराह्न करीब तीन बजे आकाशीय बिजली चमकी और भैंस चरा रहे वृद्ध विंध्य वासिनी प्रसाद मिश्र पुत्र जगन्नाथ मिश्र चपेट में आ गए जिससे बुरी तरह झुलस गए। गांव वालों ने तुरंत कोराव के एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया है।



# नैनी स्टेशन रोड का एडीए द्वारा नपाई हुई

**चौड़ीकरण का व्यापारियों में बड़ा विरोध है : घनश्याम जायसवाल**

**नैनी।** स्टेशन रोड का शुक्रवार को एडीए प्रयागराज द्वारा स्टेशन रोड का अधिकारियों द्वारा चौड़ीकरण का नाप किया गया जिसमें स्टेशन रोड पर केवल 6 मीटर लिया जा रहा है हनुमान नगर में जो पहले से चौड़ा है वहां 24 मीटर लिया जा रहा है जिससे सैकड़ों व्यापारी दुकान मकान सब गायब हो जा रहे हैं प्रयागराज के महापौर से मांग है इस चौड़ीकरण का व्यापारियों में बड़ा विरोध है इसे नाप द्वारा चौडी किया जाए। इससे व्यापारी में भारी आक्रोश एवं विरोध है। विरोध करने वालों में व्यापारी नेता घनश्याम जायसवाल फूलचंद केसवानी दिलीप कौशल माधव विश्वकर्मा राकेश विश्वकर्मा मनोज शर्मा पप्पू केसरवानी बाबूराम यादव रामजी केसरवानी बच्चा शर्मा आदि व्यापारी थे।




# नैनी क्षेत्र में अन्तर्राष्ट्रीय फुटपाथ दुकानदार दिवस मनाया गया

**नैनी।** क्षेत्र के शंकर ढाल और पी डी ए मार्केट के एरिया में फुटपाथ दुकानदारों प्रयागराज शहर के असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के सन्दर्भ संचालित सामाजिक संस्था आई.जी.एस एस एस के समुदाय संयोजक और पथ विक्रेता संगठन के लोगों द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय हॉकर्स दिवस के शुभ अवसर पर स्वराज नगर,एग्री कल्चर,शंकर ढाल और पी डी ए मार्केट के एरिया में फुटपाथ दुकानदारों एवं लघु व्यवसायी ने पथ विक्रेता (आजीविका का संरक्षण और पथ विक्रय का विनियमन) अधिनियम 2014 के बारे में स्ट्रीट वेंडर साथियों को नगर निगम एवं नगर विक्रय समिति द्वारा प्रधानमंत्री स्व निधि योजना,राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना और सामाजिक सुरक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की गई जिसमें कार्यक्रम संयोजक पूनम शुक्ला, गोपेश चन्द्र, दीपक प्रजापति और अर्शिया नाजिम द्वारा स्ट्रीट वेंडर के यूथ लीडर सोनू पुष्पाकर, रेखा कुमारी और टीम द्वारा सहभागिता सुनिश्चित करते हुए पी डी ए मार्केट से शंकर ढाल एरिया तक शान्ति पूर्ण ढंग से फुटपाथ दुकानदारों के पास जाकर अन्तर्राष्ट्रीय हॉकर्स दिवस के बारे समझाते हुए मीटिंग की गई।

# आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल की मौजूदगी में मानिकपुर नगर पंचायत अध्यक्ष को दिलाई गई शपथ

## एसडीएम ने अध्यक्ष व सभासदों को दिलाई शपथ

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़/ परियावां/ मानिकपुर।** शुक्रवार को नगर पंचायत मानिकपुर में नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्षा एवम सभासदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। प्रभारी मंत्री प्रतापगढ़ एवं आबकारी मंत्री उत्तर प्रदेश शासन नितिन अग्रवाल एवं भाजपा जिला अध्यक्ष हरिओम मिश्र की उपस्थिति में उपजिलाधिकारी सतीश चंद्र त्रिपाठी ने नवनिर्वाचित अध्यक्षा चंद्रलता जयसवाल को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री नितिन अग्रवाल ने सभी नव निर्वाचित सभासदों एवं अध्यक्षा को प्रदेश एवं केंद्र के सभी योजनाओं का लाभ पात्रों को ईमानदारी, लगन, मेहनत से दिलाने एवम सरकार की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का हर संभव प्रयास करने का संकल्प दिलाया एवं प्रदेश के जनकल्याण कारी योजनाओं एवम प्रदेश सरकार के अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर प्रकाश डाला। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को देश एवम विदेश में देश को गौरवानित करने के लिए बहुत बहुत आभार व्यक्त किया।



आबकारी मंत्री को सम्मानित करतीं नवनिर्वाचित अध्यक्षा चंद्र लता जायसवाल।

मुख्य अतिथि राज्य मंत्री नितिन अग्रवाल एवं विशिष्ठ अतिथि जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया। तत्पश्चात राम भरोस मिश्रा ने नितिन अग्रवाल को स्मृति चिन्ह प्रदान किया और टीम डिंपू की तरफ से मुख्य अतिथि एवं विशिष्ठ अतिथि का अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। मौके पर टीम डिंपू के साथ ए डी एम राकेश गुप्ता, अधिशाषी अधिकारी सुशील रघुवंशी, बड़े बाबू आत्मानंद गुप्ता, जिला अध्यक्ष हरिओम मिश्र, वरिष्ठ भाजपा नेता त्रिभुवन नाथ टंडन गुरू, वरिष्ठ भाजपा नेता ठाकुर प्रकाश सिंह, विधान सभा से भाजपा पूर्व प्रत्याशी सिंधुजा मिश्रा सेनानी, योगेंद्र नाथ मिश्र मौला महराज, सुमन गुप्ता, शीतला प्रसाद सोनकर, संजय सोनकर, विमल पाण्डेय, विनीत तिवारी, सुशील पाण्डेय, लालता जयसवाल आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## अध्यक्ष व सभासदों का हुआ शपथ ग्रहण समारोह

**अखंड भारत संदेश**

**जेठवारा, प्रतापगढ़।** नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अशोक कुमार यादव तथा 15 सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह आज उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरा गुलाब सिंह के प्रांगण में संपन्न हुआ समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विश्वनाथगंज क्षेत्र के विधायक जीत लाल पटेल उपस्थित रहे अध्यक्ष व सभासदों को एसडीएम सदर न्यायिक लालधर यादव ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई और उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिया कार्यक्रम में क्षेत्र के दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# नगर पालिका अध्यक्ष के शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि होंगे राज्य मंत्री दिनेश सिंह

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका अध्यक्ष हरिप्रताप सिंह के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में प्रदेष सरकार के स्वतंत्र प्रभार के राज्य मंत्री दिनेष सिंह होंगे। उनका कार्यक्रम आ गया है।

बता दें कि नगर पालिकाध्यक्ष एवं सभासदों का शपथ ग्रहण शनिवार को अपरान्ह चार बजे से होगा। इसके लिये पांच हजार लोगों के बैठने के लिये एक बड़ा वाटर प्रूफ मण्डप आज लगा दिया गया तथा कुर्सियां मंगा ली गई है। पूरे पण्डाल को सजाया जा रहा है। इसमें नगर पालिका के कर्मचारी व अधिकारी भी जुटे हुए हैं। बता दें कि नगर पालिका अध्यक्ष हरिप्रताप सिंह पांचवीं बार अध्यक्ष पद की शपथ लेंगे।



कम्पनी गार्डेन में शपथ ग्रहण समारोह के लिये तैयार मण्डप।

पिछली बार उनकी पत्नी प्रेमलता सिंह अध्यक्ष थीं। इस तरह विगत 25 वर्षों से अधिक नगर पालिका अध्यक्ष का कार्यभार हरिप्रताप सिंह ही कर रहे हैं। इस बार उनकी ताजपोषी में भाजपा कार्यकताओं में उत्साह देखा गया।

## पत्रकारिता दिवस समारोह आयोजन का आयोजन 30 को

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ की तहसील इकाई कुंडा के तत्वावधान में 30 मई को पत्रकारिता दिवस समारोह मानिकपुर नगर पंचायत के सभागार में आयोजित किया गया है। उक्त आशय की जानकारी तहसील इकाई कुंडा के संयोजक व प्रांतीय संयुक्त सचिव डॉ विजय यादव तथा समारोह के सह संयोजक अब्दुल हाशिम ने देते हुए तहसील क्षेत्र के समस्त ग्रामीण पत्रकारों से समारोह में शामिल होने की अपील की है।

# 108 पुरोहितों के शंखनाद से प्रारंभ होगी मां सई गंगा की महाआरती, 30 मई को मनेगा गंगा दशहरा महोत्सव

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** श्री गंगा दशहरा महोत्सव समिति की एक बैठक मां बेल्हा देवी धाम में समिति के अध्यक्ष प्रमोद सिंह मुन्ना भैया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। 30 मई को श्री गंगा दशहरा महोत्सव मनाने की तैयारियों की समीक्षा की गई कार्यक्रम के संयोजक रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी गंगा दशहरा महोत्सव बेल्हा देवी धाम में मनाया जाएगा।

30 मई को 11551 दीपो से सभी घाटों को प्रकाशमय किया जाएगा और मां बेल्हा देवी मंदिर धाम व हनुमान मंदिर आदि मदिंर परिसर को फूलों और विद्युत झालरों से सजाया जाएगा। तत्पश्चात 108 पुरोहितों के साथ शाम को मां सई गंगा की महाआरती होगी। आरती में पंचमुखी शंख से सभी पुरोहितजन महा आरती का



गंगा दशहरा की तैयारी बैठक में मौजूद पदाधिकारीगण।

शंखनाद करेंगे। समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाए। इस बार महोत्सव को और भव्य बनाया जाएगा। सुरक्षा की दृष्टि से सी सी कैमरे सब ठीक करा लिए जाएं और सभी भक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना भरपूर योगदान दें। अबकी बार महोत्सव में और भव्यता लाने के लिए समिति प्रयास कर रही है। गंगा दशहरा महोत्सव में भीड़ को देखते हुए और भी इंतजाम किए जाएंगे। सभी भक्तों से अनुरोध है कि समय से पहुंचकर दीपदान व महाआरती में शामिल होकर पुण्य के भागीदार बने।इस अवसर पर सुरेश अग्रवाल, छेदीलाल, संतोष कुमार, देवानंद, विवेक कुमार, रघु पंडा, मनोज पंडा, सनी तिवारी, त्रिवेणी तिवारी, आशीष, सुरेश मास्टर, जग्गू पंडा, सोनू पंडा, मोनू पंडा, प्रमोद, अजय, गैंडा, अरविंद कोटेदार, भारत, दीपक, प्रदीप, विजय, बच्चा, राजू, अमन, मोनू ,पप्पू पांडे, गिरजा, गणेश, बीनू, गोलू, रविंद्र, इंद्रेश,संजय बाबा आदि उपस्थित रहे।



गंगातट किनारे नमामि गंगे की आरती करते कुंवर मनीष सिंह।

## कालाकांकर घाट पर कुंवर मनीष सिंह ने किया गंगा आरती

**परियावां, प्रतापगढ़।** केंद्र सरकार की नमामि गंगे के कार्यक्रम मे कालाकांकर किनारे गंगातट किनारे कालाकांकर ग्राम प्रधान कुंवर मनीष सिंह व ग्राम विकास अधिकारी ब्यास कुमार मौर्य व कालाकाकर वन रेंजर के कर्मचारियों के साथ मां गंगा की भव्य आरती किया और मां गंगा को स्वच्छ एव साफ सफाई का संकल्प लिया। इस मौके पर राजभवन मैनेजर डा0 घनश्याम यादव, रवि जायसवाल, वन रेंजर दिनेश पटेल, भइया लाल पांडे आदि लोग मौजूद रहे।

# पूर्व मंत्री तथा संसद की मौजूदगी में सभासदों के साथ नगर अध्यक्ष ने ली शपथ

## पट्टी में नगर अध्यक्ष का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी नगर अध्यक्ष और सभासद के चुनाव के परिणाम के 13वें दिन पट्टी नगर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अशोक जायसवाल तथा सभासदों ने नगर के विकास की प्रतिबद्धता के साथ शपथ लिया । इस दौरान उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह मोती सिंह तथा प्रतापगढ़ के सांसद संगम लाल गुप्ता तथा अन्य भारतीय जनता पार्टी के नेता मौजूद रहे।

नगर पंचायत पर भारतीय जनता पार्टी का 25 से लगातार कब्जे को बरकरार रखते हुए इस बार पार्टी के सिंबल पर चुनाव लड़े अशोक जयसवाल को नगर



शपथ ग्रहण समारोह में मौजूद पूर्व मंत्री, सांसद व नगर अध्यक्ष।

के मतदाताओं ने पट्टी का नगर अध्यक्ष बनाया । शुक्रवार को पट्टी नगर में स्थित मैदान में विशाल शपथ ग्रहण समारोह के दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह मोती सिंह सांसद संगम लाल गुप्ता की मौजूदगी में उपजिलाधिकारी पट्टी देशदीपक ने नगर अध्यक्ष अशोक जायसवाल को पद की शपथ दिलवाई। उनके बाद पट्टी नगर के सभासदों को उपजिलाधिकारी ने पद की शपथ दिलवाई। मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र प्रताप सिंह मोती सिंह ने देव तुल्य जनता के प्रति फिर से पार्टी पर विश्वास करने पर आभार जताया और कहा कि नगर के अंतिम व्यक्ति की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए उन्हें सरकारी योजनाएं लाभ पहुंचाया जाएगा। सांसद संगम लाल गुप्ता ने कहा कि केंद्र तथा राज्य में भाजपा सरकार के लगातार जन कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को लाभ पहुंच रहा है उन्होंने नगर अध्यक्ष अशोक जयसवाल को बधाई देते हुए जनकल्याण करने की बात कही कार्यक्रम में मुख्य रूप से, एसडीएम देश दीपक सिंह,सीओ दिलीप सिंह, कोतवाल नंदलाल सिंह, भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी, जिला पंचायत सदस्य गिरीश चंद्र जायसवाल, जिला पंचायत सदस्य संजय पाल, जिला पंचायत सदस्य पूनम, नगर अध्यक्ष रामगंज राकेश सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष खेदन लाल जायसवाल, असगर अंसारी, जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी अशोक श्रीवास्तव, संचालन रामचरित्र वर्मा ने किया।

# अपर जिला जज ने वृद्धा आश्रम का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अब्दुल शाहिद के निर्देशन में चिलबिला स्थित शिवा ग्रामोद्योग सेवा संस्थान द्वारा संचालित वृद्धा आश्रम का अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीरज कुमार बरनवाल ने औचक निरीक्षण करते हुये वृद्धा आश्रम में उपस्थित वृद्ध व्यक्तियों को उनके अधिकारों सम्बन्धित विधिक जानकारी देते हुये जागरूक किया गया।

इस अवसर पर अपर जिला जज ने वृद्धा आश्रम में रह रहें वरिष्ठ नागरिकों से उनकी समस्याओं की जानकारी ली और आश्रम की साफ-सफाई हेतु प्रबन्धक को निर्देशित किया कि

## विधिक जानकारी देकर किया गया जागरुक



वृद्धा आश्रम का निरीक्षण करते अपर जिला जज ।

प्रत्येक दिन परिसर की साफ-सफाई एवं रसोईघर, हाल में फिनायल से पोछा लगवाया जाये, हाल और रसोई सहित पूरे परिसर को स्वच्छ रखने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। इस अवसर पर सचिव द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया, उन्होने वरिष्ठ नागरिकों को जागरूक करते हुये कहा कि 60 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों को सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के लिये कानून बनाया गया है, इसका लाभ आप लोगों को लेना चाहिये। माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक का भरण पोषण एवं कल्याण अधिनियम 2007 में दी गयी व्यवस्थाओं के प्रति जागरूक करते हुये कहा कि किसी भी माता पिता या वरिष्ठ नागरिक को कोई समस्या उसके परिजनों द्वारा उत्पन्न की जाये तो उसकी सीधी शिकायत सम्बन्धित उपजिला मजिस्ट्रेट से करनी चाहिये। इस अवसर पर प्रबन्धक द्वारा जानकादी दी गयी कि वृद्धा आश्रम में कुल पंजीकृत 72 वृद्ध है जिनमें 55 पुरूष एवं 17 महिलायें है। प्रबन्धक ने बताया कि 06 वृद्ध अपने घर गये हुये है, वृद्धा आश्रम में रह रहें संवासियों को दोपहर का भोजन 12 बजे व शाम का भोजन 07 बजे दिया जाता है। इसी प्रकार सुबह का नाश्ता प्रातः 7.30 बजे व शाम का नास्ता दिन में 03 बजें दिया जाता हैं प्रत्येक दिन के भोजन व नाश्ते का मीनू अलग-अलग होता हैं। मीनू के अनुसार नाश्ता व भोजन दिया जाता है।

# ट्रेन में रेलकर्मी की पत्नी का बैग उचक्कों ने उड़ाया, अफरातफरी

**लखनऊ-रायबरेली के बीच हुई घटना, प्रतापगढ़ के मत्थे मढ़ने का असफल प्रयास**

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बीकानेर से हावड़ा जा रही ट्रेन में सफर के दौरान एसी फर्स्ट कोच में घुसे उचक्कों ने एक रेल कर्मी की पत्नी का बैग चोरी कर लिया और फरार हो गए। बैग में गहने और नकदी थी। कंट्रोल की सूचना से प्रतापगढ़ स्टेशन पर हड़कंप मच गया। रेलवे की दोनो फोर्स सक्रिय हो गई। चोर का कुछ पता नहीं चला। घटना लखनऊ और रायबरेली के बीच की बताई गई। रेलवे सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ट्रेन रात प्रतापगढ़ स्टेशन से रवाना हुई। उसी समय रेलवे कंट्रोल का फोन आया कि एसी फर्स्ट कोच में सफर कर रही एक महिला का बैग प्रतापगढ़ में चोरी हो गया।

## बीकानेर से हावड़ा जा रही ट्रेन के एसी कोच में हुई घटना

आरोप लगाने वाली महिला यात्री ने यहां तक बता दिया कि प्लेटफार्म पर कोच के सामने कोई भी पुलिस वाला नहीं था। कंट्रोलर के अधिकारियों ने पुलिस कर्मियों से पूछताछ की और सीसीटीवी का फुटेज मंगाकर देखा गया तो पता चला कि कोच के सामने आरपीएफ स्टाफ बकायदा तैनात दिखा। इसके अलावा उस कोच से कोई उतरा और चढ़ा भी नहीं। इस बारे में जब महिला से पूछा गया कि प्रतापगढ़ पहुंचने से कितने घंटे पहले चोरी हुई। महिला का जवाब था कि तीन घंटे हो चुके थे। उस हिसाब से तो ट्रेन लखनऊ और रायबरेली के बीच में होनी चाहिए। जबकि महिला बराबर प्रतापगढ़ का ही नाम ले रही थी। उसका पति रेवड़ी राजस्थान में रेलवे में पीडब्लूआई के पद पर है। बताया जाता है कि प्रतापगढ़ बताने के लिए उसी का दिमाग था। हालांकि अपनी कमी को छिपाने के लिए घटना को प्रतापगढ़ में मढ़ने का महिला का प्रयास नाकाम हो गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल महिला द्वारा सही जानकारी न दिए जाने से मामले की पड़ताल नहीं हो पा रही है। वैसे रायबरेली और लखनऊ रेलवे पुलिस फौरी तौर पर मामले की पड़ताल कर रही है।

## एक ही रात दो घरो में लाखों की चोरी

**घर के लोग निमंत्रण में मिश्रपुर गये थे**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के कदई गांव मे बुधवार की बीती रात थाना क्षेत्र के मिश्रपुर गांव मे निमंत्रण में जगत पुत्र कलकू सरोज व रमेश पुत्र दर्शन सरोज के घर के परिजन गये थे। मौका पाकर रात मे अज्ञात चोर दोनो के घर के पीछे से नकब लगाकर सोने चांदी के जेवरात व नकदी चुरा ले गये। घर मे बचे लोग बाहर सो रहे थे।

मौका पाकर चोरो ने जगत पुत्र कल्लू सरोज के घर से सोने व चांदी के जेवरात व नकदी 20 हजार खंगाल ले गये। इसके बाद चोर पड़ोसी रमेश पुत्र दर्शन सरोज के घर मे पीछे से नकब लगाकर अंदर घुस गये और सोने चांदी के जेवरात नकदी लगभग 50 हजार व बर्तन चुरा ले गये। रात में लगभग एक बजे मिश्रपुर गांव से आर्क्रेस्ट्रा देखकर घर वापस आये तो देखा की अंदर सामान बिखरा पड़ा देख हड़कंप मच गया। उधर पड़ोसी रमेश के यहां भी हड़कंप मच गया। एक ही रात दो घरों में लाखों की हुई चोरी से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की तहरीर गुरुवार की सुबह परिजनों ने नवाबगंज पुलिस को दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए छानबीन शुरू कर दी है। अब देखना है कि घटना का खुलासा पुलिस कितनी जल्दी करती है? गांव मे एक साथ दो घरो मे चोरी की घटना से ग्रामीण लोग दहशत मे हैं। उधर नवाबगंज उप निरीक्षक दीपक कुमार अपने हमराही के साथ क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त ब्रजेश सरोज पुत्र जीत लाल सरोज निवासी कुतुबनपुर मधवापुर को उसके घर से गिरफ्तार किया जो मु०अ0 स0 242/22 धारा 452/354क/323/506/भादवि का अभियुक्त है।

# हत्या के अभियोग के दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, आलाकत्ल डण्डा पुलिस ने किया बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़/परियावां।** थाना क्षेत्र महेशगंज के ग्राम पींग में दो पक्षों में बच्चों के विवाद को लेकर मारपीट हुई थी। जिसमें एक पक्ष की महिला को मारपीट कर घायल कर दिया था। मारपीट में घायल महिला की ईलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी। इस सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना महेशगंज में अभियोग पंजीकृत किया गया था।पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के द्वारा उक्त अभियोग से संबंधित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीमे गठित कर संबंधित को कड़े निर्देश दिये गये थे। इसी क्रम में थाना महेशगंज के थाना प्रभारी उ0नि0 प्रमोद कुमार सिंह मय हमराह म0आरक्षी आरती यादव, गीतांजली बाजपेयी द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त/विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियोग उपरोक्त से संबंधित वांछित अभियुक्तों हरि प्रसाद पाण्डेय उर्फ मल्हू पुत्र स्व0 दशरथ प्रसाद पाण्डेय नि0गण ग्राम पींग थाना महेशगंज जनपद प्रतापगढ़ व विद्या देवी पत्नी स्व0 दशरथ प्रसाद पाण्डेय नि0गण ग्राम पींग थाना महेशगंज जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र महेशगंज के औसानगंज जाने वाले रास्ते बगिया के पास से गिरफ्तार किया गया तथा गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 01 अदद डण्डे बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि मृतका के साथ बच्चों के विवाद को लेकर मारपीट हुई थी। इस मारपीट में मृतका के सिर में चोट आयी थी, जिससे उसकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई।

## मानिकपुर पुलिस के हत्थे चढ़े दो हत्यारोपी

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** पड़ोसी कौशाम्बी जनपद के नामजद दो हत्यारोपियों को मानिकपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई करते हुए गुरुवार को न्यायालय भेज दिया। बता दें कि मानिकपुर थाना क्षेत्र के करेंटी गांव निवासी विकास पटेल पुत्र छेदीलाल पटेल की पांच दिन पूर्व करेटी घाट के समीप कौशांबी जनपद के कोखराज थाना क्षेत्र से आए आधा दर्जन हत्यारों ने पीट पीट कर हत्या कर दी। उसके बाद शव को गंगा के बहते जल में फेंक दिया था। भाई महेश पटेल की तहरीर पर आधा दर्जन हत्यारोपियो के खिलाफ मानिकपुर थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने सड़क पर चक्का चक्का जाम कर दिया था कि हत्यारों की तत्काल गिरफ्तारी की जाए। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कौशांबी जनपद के कोखराज थाना अंतर्गत अंदावा टेढ़ी मोड़ निवासी नामजद सतीश चंद्र पुत्र चंद्रकांत व रिशु पुत्र कमलाकांत को गिरफ्तार करके विधिक कार्रवाई के बाद गुरुवार को न्यायालय भेज दिया। जब कि अन्य हत्यारोपी अभी फरार चल रहे हैं, जिनको पुलिस गिरफ्तारी के प्रयास मे लगी हुई है।

## वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़/परियावां।** जिले के थाना कुण्डा के उ0नि0 शिवमूरत सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान सम्बन्धित वाद संख्या 59/14 धारा 376(2)च भादवि व 6 पाक्सो एक्ट से संबंधित अभियुक्त अर्जुन सोनकर पुत्र बसन्तू निवासी ग्राम भैरव बक्स का पूरवां जमेठी थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया।

## खमसरा घाट पर पानी में बहता शव मिलने से मचा हड़कम , पुलिस छानबीन में जुटी

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के खमसरा गंगाघाट किनारे पानी मे बह रहा शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची मानिकपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मामला मानिकपुर थाना क्षेत्र खमसरा घाट का है, जहां गंगा नदी में एक अज्ञात युवक का शव पानी में बहता हुआ मानिकपुर के खमसरा घाट पर पहुंचकर घाट के किनारे पानी का बहाव कम होने से रुक गया जहा जानवर चरा रहे चरवाहो की नर्ज शव पर पड़ी तो हड़कंप मच गया।

चरवाहों ने दौड़कर गांव वालों को शव के बारे मे बताया मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने मानिकपुर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची मानिकपुर पुलिस ने शव को पानी से बाहर निकाला और ग्रामीणो से शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन शव की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने शिनाख्त न होने पर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। मृतक के शरीर पर चोट कोई निशान नहीं दिखाई दिये। मृतक के शरीर मे नारंगी रंग की सैंडो बनियान तथा हरे रंग की पट्टीदार कच्छी पहन रखी थी। मौत किन कारणों से हुई जिसका पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण पता चल सकेगा। पुलिस छानबीन में जुटी हुई है।

## धार्मिक स्थलों से उतारे गए लाउडस्पीकर

**प्रतापगढ़।** लाउडस्पीकर के वाल्यूम तेज होने के कारण पुलिस ने अभियान चलाकर धार्मिक स्थल मंदिर व मस्जिद से स्पीकर का उतारा। इस दौरान 145 स्थलों से लाउड स्पीकर उतारे गए तथा 192 जगहों पर लगे स्पीकरों की वाल्यूम को कम कराया गया। पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने बताया कि यह अभियान 31 मई तक चलेगा। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थल पर लगे लाउडस्पीकर के वाल्यूम को कन्ट्रोल करें जिससे लोगों को समस्या न हो।

## संपादकीय

# जनगणना की प्रक्रिया दुरुस्त करने की जरूरत

**कमलेश पांडेय**

**किसी** भी लोकतंत्र में संख्या बल का अपना महत्व होता है क्योंकि 51 वोट का मतलब जीत और 49 वोट का मतलब हार से लगाया जाता है। भारत में बहुदलीय व्यवस्था है, इसलिए यहां पर 30 वोट का मतलब भी जीत हो जाता है बशर्तें कि 70 वोट की संख्या विभिन्न दलों में विभाजित हो जाये और सबके हिस्से में 29 या उससे कम वोट आये। वैसे तो मतदाता सूची तैयार करना केंद्रीय चुनाव आयोग का कार्य है, लेकिन मतदाताओं के संख्या बल और उसके विकास पायदान की सटीक जानकारी के लिए लोग जनगणना के आंकड़ों पर निर्भर रहते हैं। लेकिन जब ये आंकड़े ही सटीक नहीं बन पाएं, तो किन्तु-परन्तु होना स्वाभाविक है। मोदी सरकार इस कड़वी हकीकत से अवगत हो चुकी है और यदि सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो वह जल्द ही तमाम तरह के आंकड़ों की बाजीगरी खत्म करवा देगी। इस बात का संकेत केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार 22 मई 2023 को नई दिल्ली में जनगणना भवन का उद्घाटन करने के दौरान दिया। इस मौके पर उन्होंने जो कुछ महत्वपूर्ण बातें बताई हैं, उस पर गौर किये जाने की जरूरत है। क्योंकि उन्होंने जिन मुद्दों को उठाने का साहस दिखाया है, वह सबमें नहीं हो सकता है। श्री शाह ने जन्म और मृत्यु पंजीकरण के लिए वेबपोर्टल, जियोफेंसिंग के साथ अपग्रेडेड एसआरएस मोबाइल एप्लीकेशन और जनगणना प्रकाशनों की ऑनलाइन बिक्री के वेबपोर्टल का जो शुभारंभ किया है, उन सबका अपना नीतिगत महत्व है। यदि इन सबका सम्यक प्रयोग प्रशासनिक व्यवस्था के हित में किया गया, तो बहुत सारे आँकड़े गत विरोधाभास स्वतः ही समाप्त हो जाएंगे। इस अवसर पर उन्होंने जनगणना संग्रह (1981 से आगामी जनगणना) का भी विमोचन किया। केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय, अजय कुमार मिश्रा और केन्द्रीय गृह सचिव सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति की मौजूदगी में श्री शाह ने स्पष्ट कहा कि "जन्म और मृत्यु का पंजीकरण किसी भी देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और ये दो जनगणनाओं के बीच विकास की योजनाओं को बनाने में मदद करता है। इसलिए, अब मोदी सरकार इस प्रक्रिया को ऑनलाइन कर आसान बना रही है। आज 1981 से अभी तक की सभी जनगणनाओं के इतिहास को एक पुस्तक में संकलित करके प्रकाशित किया गया है। इस दौरान उनका यह कहना अहम मायने रखता है कि "जब तक ज़िम्मेदारी तय नहीं होती है तब तक उसका निर्वहन करना मुश्किल होता है और आज लॉंच हुआ जियोफेंसिंग के साथ अपग्रेडेड एसआरएस मोबाइल एप्लीकेशन निचले स्तर तक के कर्मचारी को रिस्पॉंसिबल बनाएगा।" उन्होंने आगे कहा कि "जनगणना देश के विकास को रेखांकित करने वाली प्रक्रिया है और इसके लिए ये जरूरी है कि जियोफेंसिंग के साथ एसआरएस अपग्रेडेड मोबाइल एप्लीकेशन एक ऐसा अलर्ट सिस्टम बनाए जिससे जनगणना करने वाले आवंटित क्षेत्र से बाहर ना जा सकें। उन्होंने यह भी कहा कि "देश में कई संस्थाएं बन रही हैं जो राज्यों, ज़िलों और तहसीलों को विकास में विश्लेषण के साथ प्रोफेशनल सलाह देने की कुव्वत रखती हैं और इन सबकी प्रोफेशनल कम्पीटेंस का उपयोग देश के विकास में होना चाहिए। इसके लिए उन्हें विश्लेषण के लिए जनगणना का सारा साहित्य उपलब्ध होना चाहिए और आज से जनगणना के सारे प्रकाशनों की ऑनलाइन बिक्री शुरू हो गई है, जिससे प्लानिंग और शोध करने वालों को सबसे बड़ा फायदा होगा।" केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने यह भी कहा कि "काफी सालों तक हमारे देश का विकास मांग-आधारित और टुकड़ों में होता रहा। इतने बड़े भौगोलिक विविधता वाले देश में अगर सर्वस्पर्शीय और सर्वसमावेशक विकास करना है तो ये बहुत जरूरी है कि विकास की प्लानिंग डेटा के आधार पर हो और डेटा के लिए हमारे पास जनगणना के सिवा और कोई साधन नहीं है। इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश को पूरी तरह सर्वस्पर्शीय और सर्वसमावेशी रूप से विकसित करने का आधार नई जनगणना होगी। क्योंकि पहले जनगणना और विकास की योजना बनाने वाले लोगों के बीच कोई कड़ी भी नहीं थी। इसलिए मोदी सरकार अब इलेक्ट्रॉनिक तरीके से जनगणना कराएगी, जिसमें हर व्यक्ति को डेटा भरने का अधिकार होगा, उसका सत्यापन और ऑडिट होगा, और इसमें सामाजिक-आर्थिक स्थिति के 35 से अधिक पैरामीटर्स को शामिल किया गया है।" उन्होंने यहां तक कह दिया कि "पहले की जनगणनाओं में विकास के लिए जो डेटा उपलब्ध होना चाहिए, वो नहीं था और ना ही उसके विश्लेषण की व्यवस्था थी। इसलिए आजादी के लगभग 70 सालों बाद योजना बनी कि हर गांव में बिजली पहुंचनी चाहिए, हर व्यक्ति को घर पर नल से स्वच्छ पीने का पानी, स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें और हर घर में शौचालय बन जाए। वाकई आजादी के लगभग 70 सालों बाद तक पानी, बिजली, घर, स्वास्थ्य आदि मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं थीं। क्योंकि इनके लिए आवश्यक बजट उपलब्धता किसी को नहीं पता थी। इसलिए मोदी सरकार डेटा का उचित विश्लेषण कर गरीबों तक सुविधाएं पहुंचाएगी।" उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि "योजनाएं बनती रहीं, लक्ष्य तय होते रहे, लेकिन सबको घर देने का लक्ष्य तय करने का साहस नहीं था, क्योंकि किसी को नहीं पता था कि इसके लिए कितना बजट चाहिए। जनगणना का उपयोग, सटीकता, ऑनलाइन उपलब्धता और प्लानिंग तथा जनगणना के बीच सेतु के अभाव में ये सब पहले नहीं हो सका। इसलिए मोदी सरकार ऐसी व्यवस्था करने जा रही है कि जैसे ही एक व्यक्ति 18 वर्ष का होता है, चुनाव आयोग उससे सूचना लेकर उसका वोटर कार्ड बना देगा। इसी प्रकार किसी की मृत्यु होने पर जनगणना रजिस्ट्रार से चुनाव आयोग के पास इसकी सूचना जाएगी और फिर प्रक्रियानुसार उसका नाम मतदाता सूची से हटा लिया जाएगा। इस प्रकार की जनगणना के प्रयास से जन्म और मृत्यु का रजिस्ट्रेशन और जनगणना कम्प्लीट हो सकेगी जिससे देश को बहुआयामी फायदे होंगे।

# भारत अब अनुसरण नहीं नेतृत्व करने की ओर बढ़ा

**किशन भावनानी**

**वैश्विक** स्तरपर भारत की गूंज लगातार बढ़ती जा रही है। भारत दिनों दिन लगातार सफलताओं के ऐसे चौके छक्के लगा रहा है जिसे देखकर दुनिया हैरान है।क्योंकि हम भारतीय हैं हमारा उसूल है मन स्वस्थ्य है तो तन स्वस्थ है, मन तन स्वस्थ है तो घर स्वस्थ है और घर स्वस्थ है तो देश को स्वस्थ रखने में कोई कोर कसर सच्चा भारतीय नहीं छोड़ता इसीलिए अब हम दूर की सोचते हैं, विजन 2047 बनाकर उसपर चल पड़े हैं। उम्मीद है डेडलाइन के पूर्व ही हम अपेक्षित लक्ष्यों को प्राप्त कर लेंगे, क्योंकि जिस तेजी के साथ हम हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं,उससे मंजिल करीब होने का एहसास हर भारतीय महसूस कर रहा है। हमारी प्राथमिकता आत्मनिर्भर भारत बनाने की है जिसके लिए हम स्वरोजगार संस्कृति की ओर कौशलता विकास की सहायता से तेजी से आगे बढ़ रहे हैं, जिससे हर भारतीय रोजगार लेने वाला नहीं देने वाला बनाया जाएगा जिससे परदेसियों को भी यहां जॉब ढूंढने के लिए आना पड़ सकता है। अब हम अपने जनसंख्यकियतंत्र को कौशलता का कवर चढ़ाने तेजी से आगे बढ़ रहे हैं जिससे जनसंख्या का मंत्र, समस्या नहीं समाधान शीघ्र उपलब्ध होगा।अब हम स्वास्थ्य कृषि परिवहन शिक्षा रक्षा सहित सभी क्षेत्रों में नए आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के सुधारों की ओर आगे बढ़ गए हैं, जिससे सुखद लाभदायक बहुआयामी परिणाम आने वाले वर्षों में तीव्रता से देख सकेंगे। साथियों बात अगर हम अब अपने जनसंख्यकिय तंत्र के बल को संसाधनों में बदलने के संकल्प में अभी हमारे पीएम के छह दिवसीय विदेश यात्रा में महसूस हुए हमारे वैश्विक कद का संज्ञान लेने की करें तो विदेश दौरे में 13 पीएम, 9 राष्ट्रपति, कलाकारों से कारोबारियों तक से मिले। एक बयान में आया भारत के वैश्विक कद व साख में और इजाफा हुआ है तथा यह



हर भारतीय के लिए गर्व की बात है,जापान,ऑस्ट्रेलिया और पापुआ न्यू गिनी की अपनी छह दिवसीय यात्रा से 25 मई 2023 को लौटे।ऐसे कईउदाहरण हैं जो संकेत देते हैं कि तीन देशों की यात्रा के साथ भारत का कद और बढ़ गया है। यह हर भारतीय के लिए गर्व की बात है। इसका संकेत तो तब बल मिला जब अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने हिरोशिमा में जी-7 की बैठक में कहा कि कैसे पीएम के लिए आयोजित होने वाले राजकीय रात्रिभोज में भागीदारी केअनुरोधों की संख्या इसके लिए उपलब्ध टिकटों से अधिक है, तो दूसरी ओर भारतीय पीएम की 21 से 24 जून 2023 तक अमेरिका यात्रा में कुछ अमेरिकी कांग्रेस सदस्यों ने पीएम से अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करने का अनुरोध किया है, इस बारे में स्पीकर फैसला लेंगे, ये सभी संकेत हैं कि पीएम के नेतृत्व में भारत दुनिया में एक बहुत ही मजूबत शक्ति के रूप में उभर रहा है। पीएम के नेतृत्व में भारत को दुनिया के शीर्ष नेताओं से सम्मान मिल रहा है और वह प्रौद्योगिकी, विनिर्माण और स्टार्ट-अप से लेकर रक्षा क्षेत्र में निर्यात तक कई क्षेत्रों में अपनी उपलब्धियों को प्रदर्शित कर रहा है। साथियों बात अगर हम जनसंख्यकिय स्थिति को संपदा सृजित करने वाले संसाधन में बदलने की करें तो दिनांक 25 मई 2023 को माननीय केंद्रीय रक्षामंत्री ने भी एक कार्यक्रम में संबोधन में युवाओं को जनसांख्यकीय लाभांश का सबसे महत्वपूर्ण पहलू बताया और कहा कि देश में स्टार्टअप्स का निरंतर विकास युवा भारतीय दिमाग की क्षमता, ऊर्जा और उत्साह का परिणाम है। उन्होंने कहा, आज देश में लगभग एक लाख स्टार्टअप्स हैं जिनमें से 100 से भी अधिक यूनिकॉर्न हैं। बिना अधिक संसाधनों के, हमारे स्टार्टअप्स अपने उत्साह के साथ अधिक बड़ी संस्थाओं के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। हमारे उद्योग को वैश्विक क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए उसी उत्साह के साथ काम करने की आवश्यकता है।

उन्होंने प्रौद्योगिकी के एक अन्य आयाम पर भी अपनी अंतर्दृष्टि साझा की जिसे उन्होंने सामाजिक आर्थिक प्रौद्योगिकी बताया जिसे आमतौर पर शासन के रूप में उल्लेख किया जाता है। उनका मानना था कि देश की जनसंख्या, जिसे कभी दायित्व समझा जाता था, को अब एक परिसंपत्ति के रूप में देखा जा रहा है। उन्होंने कहा, भारत वर्तमान में जनसांख्यकीय लाभांश से गुजर रहा है।

इस जनसंख्या का इष्टतम उपयोग करने के लिए नीतियां बनाई गई हैं। हमने सुशासन के सामाजिक - आर्थिक प्रौद्योगिकी के माध्यम से व्यवसाय करने की सुगमता और भारत में जीवन जीने की सरलता को सुदृढ़ बनाया है। शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेक्टरों में सुधार किए गए हैं जिनका फोकस जनसंख्या को स्वस्थ तथा कुशल बनाने पर है। उन्होंने कहा कि विश्वभर में प्रौद्योगिकी आयाम के दो चेहरे हैं - एक अग्रणी राष्ट्र का है जो अवसर का लाभ उठाता है, नवोन्मेषण करता है और एक नई प्रौद्योगिकी का अन्वेषण करता है तथा दूसरा एक अनुकरण करने वाले का है जो नेता का अनुसरण करता है। यह बताते हुए कि बिना किसी स्थापित नेता के नए प्रौद्योगिकीय रास्ते सामने आ रहे हैं, उन्होंने भारत को प्रौद्योगिकियों में अनुकरण करने वाले से नेतृत्व करने वाला बनाने के लिए प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने उनसे अपने इन-हाउस आर एंड डी वित्तपोषण को बढ़ाने तथा नई प्रौद्योगिकियों के माध्यम से नए तथा अछूते सेक्टरों / उत्पादों / वस्तुओं एवं सेवाओं में पैठ बनाने की अपील की। उन्होंने एक राष्ट्र के लिए एक प्रौद्योगिकी नेता बनने के लिए प्रमुख आवश्यकताओं - जैसे पर्याप्त पूंजी, एक मजबूत आर एंड डी अवसंरचना, जनसांख्यिकी तथा साथ-साथ उसे अंगीकार करने, समझने और पिछली प्रौद्योगिकियों का एक आधार सृजित करने की क्षमता - को सूचीबद्ध किया।

उन्होंने कहा कि सरकार ने बैंकिंग नीति, नियामकीय नीति, फंड उपलब्ध कराने, श्रम नीति, शिक्षा तथा स्वास्थ्य नीति जैसे कई कदम उठाये हैं जो युवाओं और उद्योग को एक साथ मिलकर काम करने और अनुसंधान एवं विकास में देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का समान अवसर प्रदान करते हैं।

उन्होंने उद्योगों के अग्रणी व्यक्तियों से भारत को भविष्य संबंधी प्रौद्योगिकीयों में अनुकरण करने वाले से नेतृत्व करने वाला बनाने में सहायता करने के लिए नवोन्मेषी समाधानों को प्रस्तुत करने और वर्तमान वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार रहने की अपील की है। वह 25 मई,2023 को नई दिल्ली में भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक सत्र को संबोधित कर रहे थे। इस सत्र की थीम थी भविष्य के मोर्चे-प्रतिस्पर्धात्मकता,प्रौद्योगिकी निर्वहनीयता और अंतर्राष्ट्रीयकरण थी।रक्षा मंत्री ने रक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, वाणिज्य एवं संचार सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए आर एंड डी कीआवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि यह भारत को दूसरे देशों की तुलना में बढ़त दिला सकता है। उन्होंने कहा, हमें खुद को मजबूत रखने के लिए इन क्षेत्रों में बढ़त बनाये रखने की आवश्यकता है। यह तभी संभव होगा जब हम प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अग्रणी बनेंगे, इस बात पर जोर देते हुए कि एक शिक्षित और स्वस्थ श्रमबल उत्पादकता को कई गुना बढ़ाने में सहायता करता है, उन्होंने विश्वास जताया किसरकार के प्रयास जनसांख्यकीय स्थिति को महज धन का उपभोग करने वाली इकाई से संपदा सृजित करने वाले संसाधन में बदल देंगे। अतः अगर हम उपरोक्त प्रकरण का अध्ययन कर उसका विवरण करें तो हम पाएंगे कि भारत अब अनुसरण नहीं नेतृत्व करने की ओर बढ़ा।आओ जनसंख्यकिय स्थिति को संपदा सृजित करने वाले संसाधन में बदलें।भारत अब भविष्यवकी प्रौद्योगिकी, निर्वहनियता और प्रतिस्पर्धात्मकता में जनसंख्यकिय लाभांश पर फोकस कर स्वस्थ और कुशल बनाने पर लगा है।

# नई संसद की शोभा बढ़ाएगा स्वर्ण मंडित 'राजदंड'

**डॉ घनश्याम बादल**

**नया** संसद भवन 'सेंट्रल विस्टा' बनकर तैयार है और 28 मई को रविवार के दिन 3 साल में बनकर तैयार हुए संसद भवन का उद्घाटन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों होना सुनिश्चित किया गया है । भले ही इस नए संसद भवन के उद्घाटन को लेकर राजनीतिक गलियारों में पक्ष - विपक्ष में बहस जारी है । जहां विपक्ष को इस बात पर आपत्ति है कि संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति के हाथों न करा कर प्रधानमंत्री के हाथों कराया जा रहा है वहीं उसे इस बात की भी आशंका है कि संसद भवन जैसी सर्वोच्च संस्था के उद्घाटन में भी सत्तारूढ़ दल राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रहा है और आने वाले चुनावों में वह इस भवन के निर्माण का श्रेय भी लेकर बढ़त बनाने की कोशिश करेगा ।

वहीं सत्ता पक्ष का मानना है कि क्योंकि संसद भवन देश के चुने हुए जनप्रतिनिधियों का प्रतीक है इसलिए इसका उद्घाटन भी आम लोगों के द्वारा चुने गए सर्वोच्च जनप्रतिनिधि प्रधानमंत्री के हाथों ही होना चाहिए। एक और विपक्ष राष्ट्रपति को देश का प्रथम नागरिक एवं सर्वोच्च अधिकारी कहते हुए यह स्थापित करने की कोशिश कर रहा है कि देश के सर्वोच्च प्रतिनिधि प्रधानमंत्री नहीं अपितु राष्ट्रपति होते हैं जिनके नाम पर सरकार शासन करती है । आरोप-प्रत्यारोप के बीच दोनों ही पक्ष अपने-अपने दावों की पुष्टि के लिए तथ्य रख रहे हैं जिसमें सत्ता पक्ष की ओर से बिहार के विधानसभा भवन से उद्घाटन के लिए राज्यपाल के बजाय मुख्यमंत्री को प्राथमिकता देने के उदाहरण को खास तौर पर पेश कर रहा है । खैर राजनीति तो राजनीति है इसमें उचित अनुचित की कोई परिभाषा तय करना बड़ा मुश्किल है । ठीक वैसे ही जैसे नैतिक और अनैतिक के मानक अवसरानुकूल बदल दिए जाते हैं लेकिन एक बात तो तय है कि संसद भवन देश के शासन को चलाने के लिए संविधान को लागू करने के लिए समय-समय



पर अध्यादेश जारी करने तथा कार्यपालिका एवं व्यवस्थापिका को दिग्दर्शन देने तथा नियंत्रित करने का सबसे बड़ा भवन है और इसकी पवित्रता तथा निष्पक्षता को बनाए रखने की जरूरत है । यदि राजनीति से ऊपर उठकर देखें तब यह भी जानना समीचीन होगा कि सेंट्रल विस्टा का विचार कैसे आया ? इसे कैसे और किसने बनाया इसकी क्षमता कितनी है और इसके निर्माण का स्थान तय करने के लिए किस बात को ध्यान में रखा गया है। वस्तुतः पुराना संसद भवन लगभग 96 साल पुराना हो चुका है और उसकी स्थिरता अब शक के दायरे में आ चुकी है इसलिए नए संसद भवन का निर्माण लंबे समय से विचाराधीन था जिसे वर्तमान सरकार ने मूर्त रूप देकर जमीन पर उतारा। पुराने संसद भवन का उद्घाटन जनवरी 1927 को एडविन लुटियंस और हर्बर्ट बेकर ने किया था तो नए संसद भवन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया ।

नया संसद-भवन सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना का एक हिस्सा है, , जो कि रायसीना हिल्स, नई दिल्ली के पास स्थित भारत सरकार के केंद्रीय प्रशासनिक क्षेत्र को पुनर्जीवित करने के लिए किया गया है। जब करीब ढाई साल पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 दिसंबर 2020 को भवन की आधारशिला रखी थी । तब यह उम्मीद नहीं थी कि 28 मई 2023 तक यह विशालकाय भवन तैयार भी हो पाएगा कि नहीं । वर्तमान संसद भवन में 550 लोकसभा सदस्यों के लिए एवं 250 राज्यसभा सदस्यों के लिए बैठने की व्यवस्था है जबकि सेंट्रल विस्टा में 1272 सीटें होंगी जिनमें से 888 लोकसभा के लिए और 384 सीटें राज्यसभा के लिए आरक्षित हैं। निर्माण विशेषज्ञों के अनुसार इस में जिस प्रकार की निर्माण सामग्री का इस्तेमाल किया गया है उसके अनुसार इसकी उम्र लगभग 150 साल होगी। भले ही भारतीय संस्कृति में तिकोने मकानों या रिहायशी भवनों को शुभ नहीं माना जाता हो मगर नया भवन त्रिभुज के आकार का है और पुराने भवन से आकार व क्षेत्रफल में 10% छोटा है।

देश के जाने माने वास्तुकार बिमल पटेल ने संसद भवन भवन के मुख्य वास्तुकार हैं। टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड को नए संसद भवन के निर्माण का जिम्मा दिया गया है । सेंट्रल विस्टा के निर्माण की कुल लागत ? 862 करोड़ आई है ।

नए संसद भवन सेंट्रल विस्टा एक ऐतिहासिक रोचक चीज भी जोड़ी गई है नए संसद भवन में 'सेंगोल' नामक ऐतिहासिक राजदंड महत्वपूर्ण स्थान पर रखा जाएगा । सेंगोल ब्रिटिश सरकार से भारत को सत्ता के हस्तांतरण का प्रतीकात्मक प्रतिनिधित्व करता है। सेंगोल का विचार स्वतंत्र भारत के पहले गवर्नर जनरल सी.राजगोपालाचारी के दिमाग की उपज था, जो चोल राजवंश से बहुत प्रभावित थे।चोलों में भी इसी प्रकार का समारोह एक राजा से दूसरे राजा को सत्ता हस्तांतरण के समय आयोजित किया जाता था। सेंगोल चेन्नई के जौहरी वुम्मीदी बंगारू चेट्टी द्वारा बनाया गया था। इसे 14 अगस्त, 1947 को तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को भेंट किया गया था। यह पांच फीट लंबा प्रतीकात्मक राजदंड है, जिसके शीर्ष पर भगवान शिव का वाहन नंदी हैं। भारतीय संस्कृति में नंदी निष्पक्षता और न्याय का प्रतिनिधित्व करते हैं। अतः संसद को निष्पक्ष एवं न्याय की प्रतिनिधि संस्था मानते हुए सैंगोल को विशेष स्थान दिया गया है। सेंगोल शब्द संस्कृत के 'संकु' से लिया गया है। इसका मतलब शंख होता है। यह सोने और चांदी का बना होता है। भारत में सेंगोल का इतिहास काफी पुराना है। सबसे पहले मौर्य साम्राज्य द्वारा इसका उपयोग किया गया था। इसके बाद गुप्त साम्राज्य व फिर चोल वंश में आया। बाद में यह मुगलों के पास आया और जब अंग्रेज भारत आए तो ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने इस पर अपना अधिकार जमा लिया था। सैंगोल को स्पीकर की कुर्सी के बगल में रखा जाएगा। यूपी के प्रयागराज में इलाहाबाद म्यूजियम में यह संगोल 75 साल तक रखा था। हालांकि सैंगोल 4 नवंबर 2022 को नेशनल म्यूजियम से नई दिल्ली को सौंपा जा चुका है। सैंगोल पांच फीट लंबा है और चांदी से बना है तथा इस पर सोने की परत है। ।1947 के इसे भुला दिया गया था। बाद में 24 साल बाद एक तमिल विद्वान ने इसकी चर्चा की थी । 96 साल के जो तमिल विद्वान पंडित नेहरू को सेंगोल सौंपते समय मौजूद थे। 28 मई को भी वह संसद के नए भवन में सेंगोल के स्थापना के समय भी मौजूद रहेंगे।

# शिक्षा का संक्षेपीकरण

**डॉ. नीरज भारद्वाज**

**शिक्षा** समाज को जागृत करने का कार्य करती है। **शिक्षा** राष्ट्र में फैले अंधकार को मिटाकर उसे प्रकाशवान करती है। शिक्षा की प्रक्रिया घर अर्थात परिवार से ही शुरू हो जाती है और कहा भी जाता है कि परिवार बच्चे के सद्गुणों की पाठशाला है। विचार करें तो बच्चा परिवार में रहते हुए सामाजिक पाठ पढ़-समझ रहा होता है। जो व्यवहार घर में हो रहा होता है, उन्हें वह देख-समझ रहा होता है। भाषा की दृष्टि से भी जब हम पढ़ते-समझते हैं तो विद्यार्थियों को बताते हैं कि संयुक्त परिवार में बच्चे का भाषिक विकास बेहतर होता है। कहने का भाव है कि भाषाई समझ, सामाजिक ज्ञान आदि सभी गुण बच्चे में संयुक्त अर्थात बड़े परिवार में ही मिलते हैं। लेकिन वर्तमान पारिवारिक स्थिति एकल परिवार की ओर बढ़ रही है। महानगरों में तो एकल ही परिवार अधिक दिखाई देते हैं। इतना ही नहीं इस एकल परिवार में भी माता-पिता दोनों ही नौकरी करते हैं, कुछ एक नहीं भी करते। लेकिन समझने की बात यह है कि उनके पास दिन का सारा समय तो ऑफिस के लिए ही है। कुछ समय बचा तो वह अन्य पारिवारिक व्यवस्थाओं में उलझे रहते हैं। ऐसे में बच्चे के लिए माता-पिता के पास कितना समय है, इसका अंदाजा अब आप लोग लगा कि सकते हैं। दूसरी ओर ध्यान दें तो आज दौड़ती-भागती दुनिया में सभी ऊंचे से ऊंचा पद पाना चाहते हैं। आप कुछ नहीं कर सके तो बच्चे को उस दौड़ में दौड़ा रहे हैं। अपने सपनों को बच्चों में देख रहे हैं। अब यहां प्रश्न खड़ा होता है कि बच्चों के क्या अपने सपने हैं? सही मायनों में यह द्वंद्वात्मक स्थिति है। इसे हम समझ नहीं रहे हैं। अब बच्चा विद्यालय, महाविद्यालय से कहीं दूर प्रतियोगिता विद्यालयों में अर्थात शिक्षा के बड़े-बड़े मल्टी केंद्रों में दिखाई दे रहे होते हैं। बच्चा विद्यालय, महाविद्यालय में अनुपस्थित रहकर प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कर रहे होते हैं। यह सभी कुछ माता-पिता की और विद्यालय, महाविद्यालय की सहमति से होता है। सरकार की नाक के नीचे हो रहा होता है। यह केवल एक जगह की समस्या नहीं बल्कि नगरों और शहरों में सभी जगह दिखाई दे रही है। यहां बालक दिन-रात केवल फामूर्ले सीख रहे हैं, कैसे विषय को छोटा किया जाए और अतिसंक्षेपीकरण कर-के कुछ ही सेकंड में उत्तर निकाला जाए। विद्यालय-महाविद्यालय विषय को विस्तार से पढ़ाने का कार्य करते हैं। हर एक बिंदु पर लंबी चर्चा होती है। लेकिन व्यक्ति को अब कहां इतना सब्र है। वह तो सभी कुछ तेजी से चाहता है। बालकों को भी उतनी ही तेजी से सभी कुछ दिलाना चाह रहा है, पलक झपकते ही उत्तर होना चाहिए। विषय के विस्तार की गहराई में क्या रखा है। शिक्षा में यह प्रतियोगिता का स्तर और संक्षेपीकरण बालकों को किस दिशा में ले जा कर छोड़ेगा इसका उत्तर किसी के पास नहीं है। इसका उत्तर ना तो बालक के पास है और ना ही उसके अभिभावक के पास। केवल लोग भाग रहे हैं।

सोचनीय और विचारणीय बात यह है कि इस संक्षेपीकरण की प्रक्रिया के चलते बालक के अंदर से लेखन कौशल, वाकपटुता, दर्शन, सोच, चिंतन, साहित्य आदि सभी कुछ धीरे-धीरे समाप्त हो रहा है। कुछ लोग प्रतियोगिता परीक्षाओं के चक्कर में बच्चों को विद्यालय में ना भेजकर उन्हें केवल मशीन के रूप में प्रयोग कर रहे हैं। ऐसे बच्चों के मस्तिष्क में प्रश्न रह जाते हैं, मानवीय मूल्य दूर-दूर तक दिखाई नहीं देते, क्योंकि उसे हर चीज दौड़ती-भागती दिखाई देती है। इस दौड़ भाग में बालक सोच से छोटा होता जा रहा है। संवेदना और सोच का विघटन हो रहा है। सभी अकेला रहना चाहते हैं। अब महानगर एकल परिवार से अकेले व्यक्ति के रहने में रहकर सिमट कर रह गए हैं। इस ओर भी ध्यान देने की जरूरत है।

# इसे भी देखो न

**डॉ. सुरेश कुमार**

आए दिन हर कोई घर-जमीन गांव सब छोड़-छाड़ कर या बेच-बांचकर शहर की ओर कदम बढ़ाता है। पता नहीं शहर में ऐसा कौन सा चुंबक होता है जो लोहे के बदले इंसान को अपनी ओर खींचता है। शहर की चमचमाती सड़कों को देख चमचमाने का कीड़ा बड़ा उछल-कूद करता है। छोटे-छोटे गांवों में शहरी लालच की बड़ी अट्टालिका का निर्माण बिना ईट, सीमेंट, रेत और पानी के हो जाता है। वह क्या है न कि सच्चाई का डाकिया शहर में झूठ का पता कभी नहीं ढूँढ़ सकता। फिर एक दिन इसके-उसके मुँह हमें एक ही बात सुनने को मिलती है- डाकिया ही चल बसा शहर ढूँढ़ते-ढूँढ़ते। सच कहें तो शहर कुछ लोगों को शह देता है तो कुछ लोगों को हर लेता है। हमारे गांव में फलां पिछड़ा बाबू रहा करते थे। आजकल शहर में विकास बाबू बनकर हमारे बीच धाक जमा रहे हैं। उन्हीं का नाम ले लेकर गांव में कइयों का जीना हराम हो गया है। मैंने निर्णय किया कि विकास बाबू के यहां जाकर दो-चार दिन ठहरूँगा और अपनी योग्य कोई नौकरी तलाश करूँगा। किंतु जैसे ही मैं शहर पहुंचा वहां विकास बाबू को देखकर मेरे पैरों तले जमीन खिसक गई। गांव में खुद को सॉफ्टवेयर कंपनी का कर्मचारी बताने वाले विकास बाबू के कर्म और आचार में बड़ा अंतर दिखाई दिया। वे सॉफ्टवेयर कंपनी में नहीं किसी अपार्टमेंट के वॉचमैन की नौकरी करते थे। पूछने पर बताया कि गांव में खुद की जमीन जायदाद होने के बावजूद वह सम्मान नहीं मिल पा रहा था जो सम्मान शहर में आकर झूठ बोलकर मिल रहा है। आज मेरी झूठमूठ की सॉफ्टवेयर की नौकरी से सचमुच की खूबसूरत अप्सरा जैसी पत्नी, लाखों का दहेज, चार चक्का गाड़ी और ऊपर से इज्जत अलग मिल रही है। मैंने पूछा कि क्या तुम्हें झूठ के पदार्फाश होने का डर नहीं है? इस पर उन्होंने किसी दार्शनिक की तरह जवाब दिया - कैसा झूठ? कहां का झूठ? यहाँ हर कोई झूठ में जी रहा है। गांव की सच्चाई छोड़ लोग शहर के झूठ की ओर दौड़ रहे हैं। शहर में रहने वाले अपनी सच्चाई छोड़कर महानगरों की झूठी चकाचौंध के पीछे-पीछे दौड़े जा रहे हैं। महानगर में रहने वाले अमेरिका, इंग्लैंड की झूठी दुनिया में जाना चाहते हैं। और वहां रहने वाले चंद्रमा की झूठी दुनिया में घूमना चाहते हैं। यह दुनिया बड़ी अजीब है।

## मानिकपुर में 40 दुकानदारों पर हुआ जुमार्ना, जारी रहेगा अतिक्रमण अभियान: एसडीएम



**अखंड भारत संदेश**
**मानिकपुर/चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद के आदेश पर उप जिलाधिकारी प्रमेश कुमार श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार घासीराम, ईओ नगर पंचायत राम आशीष वर्मा ने थाना पुलिस के साथ कस्बे के पुराने इंडियन बैंक से लेकर ब्लॉक के सामने तक सडक में अतिक्रमण किए दुकानदारों के अतिक्रमण न हटाने पर चालान काटे।
शुक्रवार को चालान कटा देख दुकानदारों में हड़कंप मच गया। प्रशासनिक टीम को देखकर दुकानदार जल्दी-जल्दी दुकानों से अतिक्रमण हटाने लगे। अतिक्रमण के मामले में मानिकपुर एसडीएम प्रमेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि उच्चाधिकारियों के आदेश पर मानिकपुर के प्रशासनिक अमले ने रोड के बाहर अतिक्रमण किए 40 दुकानदारों पर जुमार्ना किया है।
उन्होंने बताया कि लगातार रोड में अतिक्रमण रहने से जाम की स्थिति पैदा हो जाती है। लोगों को आवागमन में परेशानी उठानी पडती है। इसे लेकर उच्चाधिकारियों के आदेश पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया है। ये अभियान लगातार जारी रहेगा। इस मौके पर मानिकपुर तहसील के नायब तहसीलदार घासी राम, नगर पंचायत से ईओ रामाशीष वर्मा, कोतवाली प्रभारी वीर प्रताप सिंह, नगर पंचायत के कर्मचारी और अधिकारी मौजूद रहे।

## सड़क दुर्घटना में बैंक कर्मी की मौत



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** रैपुरा थाना क्षेत्र के भौंरी-ऐंचवारा नहर सम्पर्क मार्ग के पास अनुबंधित रोडवेज बस की ठोकर से बाइक सवार बैंक कर्मी की मृत्यु हो गई।
शुक्रवार को प्रधान रामपुर व परिजनों के अनुसार मृतक राकेश उर्फ रामहित यादव (28) पुत्र सत्यनारायण यादव निवासी बेलरी (रामपुर) प्रयागराज के हंडिया में बैंक में नौकरी करता था। वह बीते दिन अपनी बहन के घर शिवरामपुर चैकी के बिहारा गांव आया था। वह शुक्रवार को सवेरे ड्यूटी पर जाने को प्रयागराज जा रहा था। रैपुरा थाना क्षेत्र के भौंरी गांव में कर्वी से प्रयागराज जा रही अनुबंधित रोडवेज बस ने उसे ठोकर मार दी। इससे राकेश की मौके पर मौत हो गई। बस चालक बस को लेकर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची रैपुरा पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है।

## गोरखपुर: पहली बार शपथ लेगी पूर्ण बहुमत वाली 'शहर की सरकार'

**गोरखपुर।** नगर निगम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पहली बार 27 मई शनिवार को पूर्ण बहुमत वाली शहर की सरकार बनाएगी। नगर निगम के चुनाव में इस बार भाजपा ने 42 वार्डों में सफलता मिली है। हालांकि पूर्ण बहुमत के नगर निगम बोर्ड के लिए 41 सीटों पर जीत जरूरी थी। नगर निगम गोरखपुर के इतिहास में पहली बार किसी भी दल को पूर्ण बहुमत हासिल हुआ है। ऐसे में भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण समारोह को भव्य बनाने में जुटी है। शनिवार को गोरक्षनगरी के प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना की मौजूदगी में नव निर्वाचित महापौर डॉ मंगलेश कुमार श्रीवास्तव समेत 79 सविरोध एवं 01 निर्विरोध निर्वाचित कुल 80 पार्षद 12 बजे शपथ ग्रहण करेंगे। मण्डलायुक्त रवि कुमार एनजी, महापौर डॉ मंगलेश को शपथ दिलाएंगे। उसके बाद महापौर शेष 80 पार्षदों को शपथ दिलाएंगे। इधर, नगर आयुक्त द्वारा पहले ही अपर नगर आयुक्त दुर्गेश मिश्र, उप नगर आयुक्त संजय शुक्ला, सहायक नगर आयुक्त डॉ मणि भूषण तिवारी, अविनाश प्रताप सिंह, मुख्य अभियंता संजय चौहान, महाप्रबंधक जलकल रमेश चंद्र रघुवंशी समेत नगर निगम के अन्य अधिकारियों को अलग अलग दायित्व वितरित किया जा चुका है। पार्षद अजय राय के साथ अतिथियों के बैठने का क्रम तय है। नगर आयुक्त ने बताया कि आयोजन स्थल पर साफ सफाई के साथ अच्छे से साज सज्जा की व्यवस्था रहेगी। कार्यक्रम स्थल पर 2500 लोगों के लिए इंतजाम हैं। सभी अतिथियों का निमंत्रण पत्र भेजा जा चुका है। सभी के जलपान का भी इंतजाम है।

**इसलिए भी भाजपा में उल्लास**
निवर्तमान उप सभापति ऋषि मोहन वर्मा कहते हैं कि नगर निगम चुनाव का परिणाम भाजपा के लिए जश्न मनाने वाला रहा। पिछली बार की तुलना में भाजपा को 15 सीटों का इजाफा हुआ है। समाजवादी पार्टी को 05 सीटों की क्षति हुई। बहुजन समाज पार्टी ने पिछली बार की तरह 05 सीट हासिल कर पुरानी स्थिति कायम रखी है। कांग्रेस पार्टी को 01 सीट मिली है। पिछली नगर निगम बोर्ड में कांग्रेस पार्टी से 02 पार्षद थे।

## जिला जज मथुरा को सारे लम्बित मुकदमे हाईकोर्ट ट्रांसफर करने का निर्देश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि- शाही ईदगाह मस्जिद से सम्बंधित लम्बित सभी मुकदमों को हाईकोर्ट में ट्रांसफर करने का निर्देश दिया है। हाईकोर्ट ने इस मामले में 3 मई को सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया था।
यह आदेश जस्टिस अरविंद कुमार मिश्रा प्रथम ने पारित किया है। हाईकोर्ट ने मथुरा के श्री कृष्ण जन्मभूमि एवं शाही ईदगाह मस्जिद को लेकर लम्बित मुकदमों को ट्रांसफर करने की मांग के लिए दाखिल की गई याचिका को स्वीकार कर लिया है और मथुरा के जिला जज को इस विवाद को लेकर सभी मुकदमें हाईकोर्ट भेजने का निर्देश दिया है। अब इस मामले में लम्बित सारे मुकदमों का ट्रायल इलाहाबाद हाईकोर्ट में चलेगा। भगवान श्रीकृष्ण विराजमान और 7 अन्य की तरफ से मथुरा कोर्ट में लम्बित मुकदमों को हाईकोर्ट में ट्रांसफर करने की मांग के लिए याचिका दाखिल हुई थी। इस याचिका में प्रतिवादी पक्षकारों, यूपी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड, प्रबंधन ट्रस्ट की समिति, शाही मस्जिद, मथुरा श्रीकृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट और श्री कृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान अपना जवाब दाखिल कर चुके हैं।

# पद्मश्री ने मन्दाकिनी सफाई को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष को किया सम्मानित

## पद्मश्री ने की मन्दाकिनी में सफाई



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** भूगर्भ जल विभाग की अटल जलशक्ति यात्रा को लेकर आए पद्मश्री उमाशंकर पांडेय ने मन्दाकिनी नदी की सफाई की। उन्होंने बुंदेली सेना के नदी सफाई अभियान की मुक्तकंठ से सराहना की। नदी सफाई के लिए बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष को शाल व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।
शुक्रवार को बुंदेली सेना के चलाए जा रहे मन्दाकिनी नदी सफाई के दसवें दिन पद्मश्री उमाशंकर पांडेय ने सफाई की। अटल जलशक्ति यात्रा लेकर जिले में आए उमाशंकर पांडेय टीम सहित नदी सफाई में श्रमदान किया। सफाई के बाद सम्पवेल के पास चैपाल लगाई। चैपाल में कहा कि बुंदेली सेना के जारी अभियान से सभी को प्रेरणा लेने की जरूरत है। पिछले एक दशक से भी ज्यादा समय से निःस्वार्थ भाव से नदी की सफाई सेना कर रही है। नदी को लेकर समाज को जागरूक होने की जरूरत है। जल ही जीवन है और जल को बचाने को सभी को संकल्पित होना पड़ेगा। अगला विश्वयुद्ध पानी को लेकर होना है, लिहाजा पानी की एक-एक बूंद बचाना जरूरी है। बुंदेली सेना टीम ने अटल जलशक्ति यात्रा का नेतृत्व कर रहे पद्मश्री उमाशंकर पांडेय और उनकी 30 सदस्यीय टीम का फूल-मालाओं से स्वागत किया। बताया कि बांदा के जखनी गांव निवासी उमाशंकर पांडेय ने जल संरक्षण की मिशाल पेश की है। वह बुंदेलखंड के गौरव हैं। उनके बताए रास्ते पर चलकर जल संरक्षण की दिशा में ठोस और प्रभावी कदम उठाए जा सकते हैं।
गोष्ठी के बाद लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण गृह में पद्मश्री उमाशंकर पांडेय ने मन्दाकिनी नदी सफाई के लिए बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह को शाल, प्रतीक चिन्ह और अटल जलशक्ति यात्रा की टोपी देकर सम्मानित किया। सफाई अभियान में गंगा आरती के पुजारी केशरी तिवारी, पुनीत तिवारी, दादू केशरवानी, कल्लू यादव, मनोज पांडेय, जानकी शरण गुप्ता, अतुल सिंह, पप्पू खान समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# औदहा गांव में किशोरी की हत्या निकली ऑनर किलिंग

## हत्या में मां-बाप, नाना गिरफ्तार, दर्ज कराया था झूठा मामला



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पहाड़ी थाना क्षेत्र के औदहा गांव में तीन जून 2022 को हुई किशोरी की हत्या का मामला ऑनर किलिंग का निकला है। पुलिस ने माता-पिता और नाना को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। किशोरी की हत्या नाना ने मुंह दबाकर की थी। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने दो युवकों को जेल भेजा था।
इन दिनों एक युवक जमानत पर है। सीओ शीतला प्रसाद पांडेय के अनुसार किशोरी को परिजनों ने घर में हंडिया (इलाहाबाद) निवासी नदीम के साथ आपत्तिजनक हालत में देख लिया था। नदीम गांव के बाहर चल रहे सड़क निर्माण कार्य का सुपरवाइजर था। गुस्साये परिजनों ने किशोरी को बुरी तरह पीटा। इससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे निजी कार में अस्पताल ले गए। माता-पिता किशोरी को अस्पताल में दाखिल कराने की बात करने अंदर गए थे, तभी कार में बैठे नाना ने उसका मुंह दबा दिया।
पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या की बात आई थी। परिजनों ने नदीम व गांव के विपुल मिश्रा समेत तीन पर दुष्कर्म व हत्या का आरोप लगाया था। पुलिस ने नदीम व विपुल को गिरफ्तार किया था। किशोरी के शव का पोस्टमार्टम होने के बाद बिसरा लखनऊ भेजा था। विधि विज्ञान प्रयोगशाला लखनऊ की रिपोर्ट में बताया गया कि मृतका का मुंह दबाकर हत्या की गई है। सीओ ने बताया कि जांच दौरान शक की सुई परिजनों की ओर घूम रही थी। बिसरा रिपोर्ट के बाद परिजनों से सख्ती से पूंछताछ की तो ऑनर किलिंग का खुलासा हुआ। नदीम और किशोरी के संबंध थे।
लगभग 11 माह बाद जमानत पर छूटे विपुल ने बताया कि उसे झूंठा फंसाया गया था। बार-बार कहने के बाद भी उसकी किसी ने नहीं सुनी। हंगामे के बाद पीड़ित परिवार की वह मदद करने गया था।

# किताबों के सामने झुकोगे, तुम्हारे सामने दुनिया झुकेगी: डॉ बीके जैन

## विद्याधाम उमा का 10वीं व 12वीं का परिणाम देख जताई खुशी




**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** सद्गुरु शिक्षा समिति से संचालित विद्याधाम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल ने घोषित किया है।
शुक्रवार को कक्षा 10वीं में कुमारी मुस्कान 96.20 फीसदी कक्षा में संयुक्त प्रथम आस्था 96.20 फीसदी, कक्षा में संयुक्त प्रथम चंद्रमौली मिश्र 95.60 फीसदी, द्वितीय स्थान रजनीश शुक्ल 95.40 फीसदी, तृतीय स्थान ज्ञानेंद्र पाण्डेय 94.80 फीसदी, चतुर्थ स्थान सृष्टि मिश्रा 94.40 फीसदी ने कक्षा में पंचम स्थान प्राप्त किया है।
इस वर्ष 10वीं में कुल 109 छात्र परीक्षा में शामिल हुए। जिसमें 80 छात्र प्रथम श्रेणी, 17 छात्र द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए है, शेष पूरक। कक्षा 12वीं में आराधना दीक्षित 90.80 फीसदी प्रथम स्थान, रचना मौर्या 88.20 फीसदी द्वितीय स्थान, शुभम सिंह 88.00 फीसदी तृतीय स्थान, स्वाति देवी 81.80 फीसदी चतुर्थ स्थान, मेधा त्रिपाठी 81.40 फीसदी पंचम स्थान। इस वर्ष 12वीं में कुल 109 छात्र परीक्षा में शामिल हुए। जिसमें 43 छात्र प्रथम श्रेणी, 31 छात्र द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए है, शेष पूरक। श्री सदगुरू सेवा संघ के ट्रस्टी/डायरेक्टर डा बीके जैन ने 10वीं और 12वीं बोर्ड के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देख खुशी जताई। छात्रों से कहा कि प्रिय बच्चों आज किताबों के सामने झुकोगे तो एक दिन ये तुम्हारे सामने दुनिया को झुका देगी।
सद्गुरु शिक्षा समिति की अध्यक्ष श्रीमती उषा जैन, ट्रस्टी डा इलेश जैन ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए सभी छात्र-छात्राओं, प्राचार्य, शिक्षकों एवं अभिभावकों को शुभकामनाएं दी। विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# एसपी के निर्देश पर 15 के खिलाफ गुण्डा एक्ट से मची खलबली



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों पर अंकुश लगाने को जारी अभियान में पुलिस ने 15 के खिलाफ गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। इससे अपराधी तत्वों में खलबली मची है।
शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक मऊ राजीव कुमार सिंह ने भोलीभाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुण्डा गर्दी करने वाले कौशल पुत्र प्रेमनारायण निवासी हटवा, राजा यादव पुत्र दुर्गा प्रसाद निवासी पिपरौंद, दिनेश पासी पुत्र गणेश पासी निवासी पूरब पताई, प्रेम कुमार पुत्र छेदीलाल निवासी बरिया, रामशंकर पुत्र अर्जुन निषाद निवासी काशीनाथ का पुरवा मजरा बियावल, रेहान खान पुत्र रिजवान खान उर्फ सबदर खान निवासी कस्बा मऊ, संजय निषाद पुत्र उमेशचन्द्र निवासी मैदाना, तेजई पासी पुत्र पण्डा उर्फ कल्लू पासी निवासी कुशहाई मजरा बरियारी कला, राजेन्द्र पासी पुत्र श्यामलाल निवासी कुशहाई मजरा बरियारी कला, वीरू सिंह उर्फ आलोक सिंह पुत्र फेरम सिंह निवासी पूरब पताई, गुड्डन कुमार पुत्र छोटेलाल निवासी टिकरा, मेघई उर्फ विजय केवट पुत्र लाली केवट निवासी कुशहाई मजरा बरियारी कला, शिवकान्त पुत्र शंकर पासी निवासी कुशहाई मजरा बरियारी कला के खिलाफ श्री यूपी गुंडा एक्ट की कार्यवाही की है।
इसी क्रम में थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिन्द ने भोलीभाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुण्डा गर्दी करने वाले अवधेश पुत्र बाबूलाल, मुन्ना पुत्र राजाराम निवासी भैसौंधा के खिलाफ श्री यूपी गुंडा एक्ट की कार्यवाही की है।

## पुलिस ने पांच वारंटी दबोचे



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिन्द की अगुवाई में वरिष्ठ दरोगा यदुवीर सिंह की टीम ने एनडीपीएस एक्ट के वारंटी देवीशरण विश्वकर्मा पुत्र सुंदरलाल निवासी गडांव थाना बिसण्डा जिला बांदा व वारंटी चुनकावन यादव पुत्र स्व गनेश, रामकेश यादव पुत्र स्व बाबू प्रसाद, सत्यनारायण यादव पुत्र स्व बाबू प्रसाद निवासी धौरहीमाफी को गिरफ्तार किया है। टीम में दरोगा यदुवीर सिंह, सिपाही अमित कुमार शामिल रहे।
इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी गुलाब त्रिपाठी की अगुवाई में दरोगा श्यामदेव सिंह चैकी प्रभारी जिला कारागार रगौली की टीम ने अपहरण व पाक्सो एक्ट के वांछित रावेन्द्र पुत्र धर्मपाल निवासी तौरा थाना पहाड़ी को गिरफ्तार किया है। टीम में दरोगा श्याम देव सिंह, सिपाही संजय पाल शामिल रहे।

## अवैध शराब में महिला गिरफ्तार, पुलिस ने 15 लीटर लहन किया नष्ट

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद के निर्देश पर अवैध मिलावटी शराब बनाने वाले कारोबारियों की धरपकड़ को अभियान चलाए जा रहे हैं।
शुक्रवार को मऊ थाना क्षेत्र के बम्बुरी गांव में आबकारी विभाग ने दबिश दी। टीम ने महिला श्यामिया देवी को अवैध शराब समेत गिरफ्तार किया है। 15 लीटर अवैध महुआ शराब व उपकरण बरामद किये हैं। आबकारी निरीक्षक कृष्ण कुमार मिश्रा ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि बम्बुरी गांव में कुछ लोग अवैध रूप से शराब बेच रहे हैं। आबकारी विभाग ने टीम के साथ दबिश दी। वहां से एक महिला श्यामिया देवी को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। उसके पास से 15 लीटर अवैध महुआ शराब और उपकरण जब्त किए हैं। आबकारी निरीक्षक कृष्ण कुमार मिश्रा ने बताया कि नशे के अवैध कारोबारियों की धरपकड़ लगातार जारी रहेगी। मऊ क्षेत्र के अलग-अलग हिस्सों में इसी प्रकार से अवैध शराब पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।
इस मौके पर प्रधान आबकारी सिपाही मुनेश कुमार यादव, महिला आबकारी सिपाही सुमित्रा देवी, आबकारी सिपाही लालचंद सरोज, गंगाचरण प्रजापति, रामबालक यादव आदि मौजूद रहे।

## एसपी की अगुवाई में 205 वाहनों से वसूला चार लाख सात हजार रुपये, ट्राफिक चैराहे में वाहनों की हुई जांच




**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला की अगुवाई में कर्वी शहर के ट्रैफिक चैराहे पर वाहनों की कडी जांच की गई। जांच अभियान में दोपहिया वाहनों पर तीन सवारी एवं बिना हेलमेट, चार पहिया वाहनों पर बिना सीट बेल्ट लगाए तथा गलत नंबर प्लेट, कामर्सियल वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट न होने 205 वाहनों से चार लाख सात हजार पांच सौ रुपये ई-चालान किया गया।
शुक्रवार को जांच अभियान में बिना हेलमेट चलने वाले दस वाहन चालकों को हेलमेट खरीदवा कर कडी चेतावनी देकर बिना चालान किए छोड़ा गया। उन्हें जागरूक कर कहा कि बिना हेलमेट के वाहन न चलाएं। ये न सोचें कि हेलमेट सिर्फ पुलिस से बचने को है, ये आपकी सुरक्षा के लिये है। हमेशा दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाएं। वाहन चेकिंग के बाद एसपी की अगुवाई में कर्वी शहर में पैदल गश्त किया।
जांच अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ यातायात श्रीमती निष्ठा उपाध्याय, सीओ सिटी हर्ष पांडेय, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी गुलाब त्रिपाठी, प्रभारी यातायात मनोज कुमार, चैकी प्रभारी शिवरामपुर राजोल नागर, पीआरओ प्रदीप कुमार पाल, महिला थानाध्यक्ष श्रीमती शालिनी भदौरिया, टीएसआई शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# विदेश संदेश

## विश्व के 20 सबसे अमीर देशों में ढाई करोड़ से अधिक लोगों से कराई जा रही जबरन मजदूरी

**संयुक्त राष्ट्र।** विश्व के 20 सबसे अमीर देशों में जबरन मजदूरी को बढ़ावा दिया जा रहा है और लगभग पांच करोड़ लोगों में से आधे से अधिक की आधुनिक दासता के लिए देश ही जिम्मेदार है। जारी एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। मानवाधिकार संगठन वॉक फ्री फाउंडेशन की रिपोर्ट में कहा गया है कि जी-20 समूह के छह देशों में सर्वाधिक संख्या में लोग आधुनिक दासता का सामना कर रहे हैं। उनसे या तो जबरन मजदूरी कराई जा रही है, या उन्हें विवाह के लिए मजबूर किया जा रहा है। इस सूची में 1.1 करोड़ लोगों के साथ भारत पहले स्थान पर है, इसके बाद चीन (58 लाख), रूस (19 लाख), इंडोनेशिया (18 लाख), तुर्की (13 लाख) और अमेरिका (11 लाख) का स्थान है। रिपोर्ट में कहा गया है, आधुनिक दासता की न्यूनतम मौजूदगी वाले ज्यादातर देश- स्विटजरलैंड, नार्वे, जर्मनी, नीदरलैंड, स्वीडन, डेनमार्क, बेल्जियम, आयरलैंड, जापान, और फिनलैंड भी जी20 के सदस्य हैं। इसमें कहा गया है, हालांकि इन देशों में भी, उनके आर्थिक विकास के उच्च स्तर, लैंगिक समानता, समाज कल्याण, और राजनीतिक स्थिरता तथा मजबूत आपराधिक न्याय प्रणाली के बावजूद हजारों लोग जबरन काम या विवाह करने के लिए मजबूर हैं। पिछले साल सितंबर में, संयुक्त राष्ट्र के अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन एवं अंतरराष्ट्रीय प्रवास संगठन तथा वॉक फ्री ने यह अनुमान लगाया था कि 2021 के अंत तक पांच करोड़ लोग आधुनिक दासता में रहने को मजबूर थे, जिनमें 2.8 करोड़ लोगों ने जबरन मजदूरी का सामना किया और 2.2 करोड़ लोगों का जबरन विवाह कर दिया गया। यह 2016 की समाप्ति से महज पांच वर्षों में एक करोड़ की वृद्धि है।

## प्रचंड के भारत दौरे को लेकर नेपाल के राजदूत ने की विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड अगले हफ्ते भारत दौरे पर जाने वाले हैं। हालांकि दौरे की तारीख की घोषणा नहीं की गई है लेकिन आंतरिक तैयारियां तेज कर दी गई हैं। भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर के साथ भारत में नेपाल के राजदूत डॉ. शंकर शर्मा ने दिल्ली में मुलाकात की। यह मुलाकात प्रधानमंत्री



प्रचंड की भारत यात्रा की तैयारियों को लेकर थी बैठक की जानकारी देते हुए जयशंकर ने खुशी जाहिर की। उन्होंने आने वाले दिनों में रिश्ते को मजबूत करने पर चर्चा की। राजदूत शर्मा ने जयशंकर से मुलाकात के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच संबंध मजबूत करने को लेकर बातचीत हुई। राजदूत शर्मा के भारत के विदेश मंत्री जयशंकर से मुलाकात के बाद यह संदेश जा रहा है कि प्रचंड के दौरे की तैयारियां तेज हो गई हैं। नेपाल के विदेश मंत्रालय ने यात्रा के दौरान चर्चा होने वाले एजेंडे को लेकर तैयारियां लगभग पूरी कर ली हैं। विदेश मंत्री एनपी सऊद विदेश मामलों के विशेषज्ञों के साथ परामर्श कर रहे हैं।

## अमेरिकी में दिवाली पर मिलेगी छुट्टी, न्यूयॉर्क विधानसभा में प्रस्ताव पेश

**न्यूयॉर्क।** अब अमेरिका में भी दिवाली पर छुट्टी मिलेगी। इसकी शुरुआत न्यूयॉर्क से हो रही है। न्यूयॉर्क की विधानसभा में इस आशय का प्रस्ताव पेश किया गया है। न्यूयॉर्क विधानसभा अध्यक्ष कार्ल हेस्टी ने एक बयान जारी कर इसकी पुष्टि की और कहा कि न्यूयॉर्क के समृद्ध और विविधता भरी संस्कृति को पहचान देने के लिए ऐसा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लूनर न्यू ईयर और दिवाली पर छुट्टी देने के लिए विधानसभा सत्र खत्म होने से पहले इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल सकती है। इस फैसले का स्कूलों के कैलेंडर पर क्या फर्क पड़ेगा, इसे लेकर विचार विमर्श किया जा रहा है। न्यूयॉर्क विधानसभा का मौजूदा सत्र आठ जून तक चलेगा। इस प्रस्ताव को दिवाली डे एक्ट नाम दिया गया है, जिसके तहत न्यूयॉर्क में दिवाली की छुट्टी 12वीं सरकारी छुट्टी घोषित हो जाएगी। इससे अमेरिका में रहने वाले भारतीय मूल के समुदाय को काफी फायदा होगा और वह अपने परिवार और दोस्तों के साथ अच्छे से दिवाली के त्योहार को मना सकेंगे।

# चीन में कोरोना की नई लहर का खतरा, जून से एक हफ्ते में साढ़े छह करोड़ लोग हो सकते हैं संक्रमित

**बीजिंग।** चीन में फिर से कोरोना की लहर आ सकती है और यह लहर इतनी खतरनाक होने की आशंका है कि चीन में जून में हर हफ्ते साढ़े छह करोड़ लोग संक्रमण की चपेट में आ सकते हैं। यह दावा किया है चीन के नेशनल क्लीनिकल रिसर्च सेंटर फॉर रेसपिरेटरी डिजीज के निदेशक झोंग नानशान ने। नानशान का दावा है कि जून तक चीन में साढ़े छह करोड़ लोग हर हफ्ते कोरोना की चपेट में आ सकते हैं।

**अप्रैल से चीन में बढ़ रहे कोरोना मरीज**

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, चीन में अप्रैल महीने से ही कोरोना के मरीजों की



संख्या में फिर से इजाफा देखने को मिल रहा है। चीन में कोरोना संक्रमण बढ़ने की वजह कोरोना के ओमिक्रोन वैरिएंट XBB को बताया जा रहा है। चीन को गुआंगझू शहर में एक बायोटेक कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए झोंग नानशान ने यह दावा किया। उन्होंने कहा कि चीन में मई के अंत तक चार करोड़ लोग हर हफ्ते कोरोना की चपेट में आएंगे। वहीं जून तक यह आंकड़ा साढ़े छह करोड़ तक पहुंच सकता है।

**कोरोना वैक्सीन के ट्रायल जारी**

चीन के मीडिया के अनुसार, XBB ओमिक्रोन के BA.2.75 और BJ.2 सब-वैरिएंट का ही हाइब्रिड रूप है। इससे पहले बीते साल चीन में कोरोना महामारी ने पूरे देश को अपनी चपेट में लिया था और चीन में उस वक्त हर दिन करीब साढ़े तीन करोड़ कोरोना संक्रमित मिले थे। वहीं कोरोना की लहर को देखते हुए चीन की सरकार ने भी बचाव की तैयारी शुरू कर दी है। इसके तहत चीन में नई कोरोना वैक्सीन को इस्तेमाल के लिए अंतिम मंजूरी देने की तैयारी चल रही है, जो कोरोना के ङ्क्ष्वक्क वैरिएंट के खिलाफ प्रभावी होगी। चीन के ड्रग रेगुलेटर्स ने इन वैक्सीन के शुरुआती दो चरण को अपनी मंजूरी दे दी है और जल्द ही तीसरे और चौथे चरण के परीक्षण के बाद उन्हें भी मंजूरी दे दी जाएगी।

# 14 साल की छात्रा पर स्कूल के छात्रावास में आग लगाने का शक; हादसे में 19 बच्चों की गई थी जान

**गुयाना।** दक्षिण अमेरिकी देश गुयाना के महदिया सेकेंडरी स्कूल में हाल ही भीषण आग लगने की घटना हुई। इसमें 19 बच्चों की मौत हो गई। अब इस मामले में एक एक स्कूली छात्रा का नाम मुख्य संदिग्ध के रूप में सामने आ रहा है। छात्रा 14 साल की है। छात्रावास में आग लगा दी गई थी। दरवाजे बंद होने के कारण कोई भी बच्चा नहीं बच पाया था।

खबरों के मुताबिक, स्कूल प्रशासन ने उसका सेलफोन जब्त कर लिया था। जिससे गुस्सा होकर लड़की ने कथित तौर पर इस अपराध को अंजाम दिया। इस घटना ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया है और दुनियाभर में चर्चा का विषय है। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार गेराल्ड गौविया ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि संदिग्ध छात्रा के बुजुर्ग के साथ संबंध थे, इसलिए स्कूल प्रशासन ने उसे अनुशासित करने के लिए उसके फोन को जब्त कर लिया



गया था। सेलफोन जब्त किए जाने के बाद नाराज लड़की ने छात्रावास में आग लगा दी।गौविया ने कहा, 'हाउस मदर (वार्डन) उस समय इमारत के अंदर सो रही थी, लेकिन वह घबरा गई और उसे समय पर ताला खोलने के लिए सही चाबी नहीं मिली, लेकिन उसने इसे बाहर निकाल दिया।' गुयाना पुलिस के संचार प्रमुख मार्क रामोतार ने एक बयान में कहा, इस बात का संदेह है कि छात्रा ने आग लगाई क्योंकि छात्रावास की हाउस मदर और एक शिक्षक उसका सेलुलर फोन ले गए थे। इस बीच, डॉयचे वेले ने एक अज्ञात अधिकारी के हवाले से बताया कि लड़की ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। लड़की पर आग लगने का संदेह है और फिलहाल उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। उसके ठीक होने के बाद उसे जुवैनाइल डिटेंशन में रखा जाएगा।

आग में मरने वाले 19 बच्चों में से 19वां पीड़ित डॉर्म मदर का अपना 5 साल का बेटा था। पीड़ितों में से 13 इतनी बुरी तरह झुलस गए हैं कि उनकी पहचान नहीं हो पा रही है। गुयाना ने फोरेंसिक विशेषज्ञों द्वारा डीएनए परीक्षण के माध्यम से ऐसे पीड़ितों की पहचान का पता लगाने के लिए अमेरिका और अन्य देशों से सहायता स्वीकार की है। एसोसिएट प्रेस ने बताया कि जिस बुजुर्ग व्यक्ति के साथ लड़की के संबंध का संदेह था, उसके खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज किए जाने की उम्मीद है, क्योंकि लड़की उम्र 16 साल से कम है।

# इंसानों में ब्रेन चिप का टेस्ट करेंगे एलन मस्क, न्यूरालिंक को एफडीए से मिली मंजूरी

**वाशिंगटन।** न्यूरालिंक ने कहा कि उसे लोगों में अपने में अपने मस्तिष्क प्रत्यारोपण का परीक्षण (ट्रायल) करने के लिए अमेरिकी नियामकों की मंजूरी मिल गई है। न्यूरालिंक दुनिया सबसे अमीर शख्सों में से एक एलन मस्क का स्टार्ट-अप है। स्टार्ट-अप ने कहा कि अमेरिका के खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) से पहले इन-ह्यूमन क्लिनिकल स्टडी के लिए मंजूरी मिला इसकी तकनीक के लिए एक पहला अहम कदम है, जिसका मकसद दिमाग को सीधे कंप्यूटर के साथ इंटरफेस करने देना है।

इसने अपने ट्विटर हैंडल से एक पोस्ट में कहा, हम यह जानकारी साझा करते हुए उत्साहित हैं कि हमें अपने पहले इन-ह्यूम क्लिनिकल स्टडी को लॉन्च करने के लिए एफडीए की मंजूरी मिल गई है। वीडियो प्लेयर लोड हो रहा है। यह एफडीए के साथ निकट सहयोग में न्यूरालिंक टीम द्वारा अविश्वसनीय काम का परिणाम है। न्यूरालिंक के अनुसार, क्लिनिकल ट्रायल के लिए भर्ती अभी तक खुली नहीं है। मस्क ने दिसंबर में स्टार्ट-अप के एक प्रेजेंटेशन के दौरान कहा था कि न्यूरालिंक का उद्देश्य इंसान के दिमाग को कंप्यूटर के साथ सीधे संवाद करने में सक्षम बनाना है। तब उन्होंने कहा था, हम अपने पहले ह्यूमन इंप्लांट के लिए तैयार होने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं और हमें भरोसा है कि इंसान में डिवाइस लगाने से पहले यह अच्छी तरह से काम करेगा।

मस्क ट्विटर, स्पेसएक्स, टेस्ला और कई अन्य कंपनियों के मालिक भी हैं। वह अपनी कंपनियों के बारे में महत्वकांक्षी भविष्यवाणियां करने के लिए जाने जाते हैं। जुलाई 2019 में उन्होंने संकल्प लिया था कि न्यूरालिंक 2020 में ह्यूमल पर अपना पहला ट्रायल करने में सक्षम होगा। हालांकि, तब वह इसमें विफल रहे।

# भारत आएंगे अमेरिकी रक्षा मंत्री ऑस्टिन; अगले हफ्ते जापान समेत इन देशों का करेंगे दौरा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा सचिव (रक्षा मंत्री) लॉयड जे ऑस्टिन III अगले सप्ताह जापान, सिंगापुर, भारत और फ्रांस का दौरा करेंगे। अपनी भारत यात्रा के दौरान ऑस्टिन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अन्य नेताओं से मिल सकते हैं। सूत्रों की मानें तो संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत अपने रिश्तों को और मजबूत करना चाहते हैं। ऑस्टिन भी अमेरिका-भारत रक्षा साझेदारी का आधुनिकीकरण जारी रखने के लिए काम कर रहे हैं।

रक्षा विभाग में भारत-प्रशांत सुरक्षा मामलों के सहायक सचिव एली रैटनर ने गुरुवार को बताया कि द्विपक्षीय रक्षा सहयोग पर चर्चा करने के लिए अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन जून की शुरुआत में भारत का दौरा करेंगे। उन्होंने बताया कि भारत और अमेरिका अब पहले से कहीं अधिक रणनीतिक रूप से जुड़े हुए हैं। शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व से




स्पष्ट निर्देश है कि भारत के साथ रक्षा संबंधों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने 22 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका की राजकीय यात्रा के दौरान प्रमुख घोषणाओं के भी संकेत दिए। उन्होंने भारत की स्वदेशी क्षमताओं को मजबूत करने के लिए रक्षा प्रणालियों का साथ मिलकर उत्पादन करने और विकसित करने के लिए अमेरिका के स्पष्ट समर्थन का भी भरोसा जताया। जनवरी 2021 में कार्यभार संभालने के बाद से यह ऑस्टिन की भारत की दूसरी यात्रा होगी। इसी तरह यह उनकी इंडो-पैसिफिक की सातवीं यात्रा होगी। ऑस्टिन टोक्यो और फिर सिंगापुर की यात्रा करेंगे। वे 4 जून को नई दिल्ली जाने से पहले शांग्रीला संवाद को संबोधित करेंगे।

ऑस्टिन इस साल भारत आने वाले चौथे अमेरिकी कैबिनेट स्तर के सचिव होंगे। इससे पहले विदेश मंत्री एंटनी जे ब्लिंकन, वित्त मंत्री जेनेट येलेन और वाणिज्य मंत्री जीना रायमोंडो ने फरवरी और मार्च में भारत का दौरा किया था।

**पीएम मोदी भी जाएंगे अमेरिका**

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जून में अमेरिका की यात्रा पर जाएंगे। इस दौरान 22 जून को पीएम मोदी के लिए एक राजकीय रात्रिभोज रखा गया है। व्हाइट हाउस के अनुसार, अमेरिका में बड़ी संख्या में लोग उनसे मिलना चाहते हैं। इसके लिए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन को बड़ी संख्या में अनुरोध प्राप्त हो रहे हैं।

# जापान में चार व्यक्तियों की हत्या कर इमारत में छुपा संदिग्ध पकड़ा गया



**टोक्यो।** जापान पुलिस ने चार लोगों की हत्या कर पास की इमारत में छुपे एक संदिग्ध आरोपित को सुबह करीब साढ़े चार बजे गिरफ्तार कर लिया। यह वारदात नागानो शहर में कल हुई थी। हत्यारे ने फायरिंग कर और धारदार हथियार से हमला कर दो पुलिस अधिकारियों सहित चार लोगों को मौत के घाट उतार दिया था। नागानो के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि संदिग्ध हमलावर से बंदूक और चाकू बरामद हो गया है। वह पास की एक इमारत में छुपा हुआ था। मृतकों में एक बुजुर्ग महिला और दो पुलिस अधिकारी 46 वर्षीय योशिकी तमाई और 61 वर्षीय ताकुओ इकेची भी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि जापान में हत्या की वारदात कम ही होती हैं। जापान में दुनिया के सबसे कठोर कानून है। हालांकि इससे पहले पिछले साल जुलाई में पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

# अफगानिस्तान के बघलान प्रांत की कोयला खदानों में विस्फोट, दम घुटने से चार श्रमिकों की मौत

**फ्लोरिडा ।** अफगानिस्तान के बघलान प्रांत की कोयला खदानों में विस्फोट के बाद दम घुटने से चार खदान श्रमिकों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया ने अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी। मीडिया के अनुसार, बघलान में तालिबान खानों के प्रमुख अब्दुल्ला हामिद ने दो दोस्त मोहम्मद नाम के पिता और पुत्र की मृत्यु हो गई। इससे पहले



17 मई को बघलान प्रांत के ताले बरफक जिले में एक कोयला खनिक की दम घुटने के कारण मृत्यु हो गई थी, जबकि छह अन्य लोगों को जहर दिया गया था। इस मामले के सामने आने के बाद देश की खान सुरक्षा नियमों को लेकर सवाल उठे थे।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, श्रमिकों की जिंदगी की कीमत को लेकर अक्सर सुरक्षा सावधानियों की उपेक्षा की जाती है। इससे पता चलता है कि देश में खनिकों के कल्याण की तत्काल आवश्यकता है ताकि उनका बचाव और सुरक्षा पहले सुनिश्चित की जा सके।

**अफगानिस्तान में इस साल पोलियो का तीसरा मामला सामने आया**

अफगानिस्तान में इस साल (2023 में) पोलियो वायरस का तीसरा मामला सामने आया है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने नंगरहार प्रांत में इसका पता लगाया है। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी है। नांगरहार प्रांत के नाजयान जिले में पोलियो का एक नया मामला सामने आया है। जिसमें एक 30 महीने का बच्चा पोलियो का शिकार हुआ है। इसके साथ ही, इस सालअब तक देश में पोलियो के तीन पुष्ट मामले सामने आए हैं, ये सभी नांगरहार प्रांत से हैं। मंत्रालय के अनुसार, पूर्व क्षेत्र विशेष रूप से नांगरहार प्रांत में कुछ WPV1-सकारात्मक पर्यावरणीय नमूनों की रिपोर्ट करने के कारण यह प्रांत पोलियो वायरस के उच्च जोखिम का सामना कर रहा है। मीडिया के अनुसार, नाजयान जिला में जहां पोलियो के मामले की सूचना मिली थी, वहां स्वच्छता और व्यक्तिगत स्वच्छता के मानक कम हैं। खराब स्वच्छता वाले क्षेत्रों में, पोलियो वायरस लंबे समय तक बना रह सकता है और वहां खेलने वाले बच्चों को आसानी से संक्रमित कर सकता है।

# इमरान ने कहा- पाकिस्तान में अघोषित मार्शल लॉ लागू, न्यायालय में याचिका दायर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने देश के कई प्रांतों में अनुच्छेद-245 लागू किए जाने को लेकर सरकार के खिलाफ एक याचिका दायर कर इसे अघोषित मार्शल लॉ करार दिया है। पाकिस्तान के संविधान के अनुच्छेद-245 के अनुसार, देश की सुरक्षा करने में नागरिक प्रशासन की सहायता के लिए सेना बुलाई जा सकती है।

खान ने न्यायालय में याचिका दायर कर पंजाब, खैबर पख्तूनख्वा, बलूचिस्तान और इस्लामाबाद में अनुच्छेद 245 लागू किए जाने को चुनौती दी है तथा इसे अघोषित मार्शल लॉ करार दिया।

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के प्रमुख ने कहा कि सेना अधिनियम, 1952 के तहत नागरिकों की गिरफ्तारियां, जांच और मुकदमे असंवैधानिक व अमान्य हैं तथा कोई कानूनी प्रभाव नहीं रखते हैं। उन्होंने कहा कि ये संविधान, कानून का शासन और न्यायपालिका की स्वतंत्रता



को अस्वीकार करने के समान है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, खान ने अपनी गिरफ्तारी के बाद नौ मई को भड़की हिंसा की जांच के लिए एक न्यायिक आयोग गठित करने का आदेश देने का शीर्ष न्यायालय से अनुरोध किया है। खबर के अनुसार, याचिका में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, पीएमएल-एन प्रमुख नवाज शरीफ और उनकी बेटी मरयम नवाज, पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी, जेयूआई-एफ प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान और अन्य को प्रतिवादी बनाया गया है। इस बीच, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है कि नौ मई के हमलावरों ने पाकिस्तान की अस्मिता पर हमला किया और देश के दुश्मनों को जश्न मनाने का मौका दिया।उन्होंने गुरुवार को एक ट्वीट में कहा, मैं नौ मई की दुखद घटनाओं को महज एक प्रदर्शन के रूप में नहीं देखता हूं, जो हिंसक हो गई थी। इसकी साजिश जिन लोगों ने रची थी, उनके मंसूबे नापाक थे।

## नेपाल में सड़क हादसे में 5 की मौत

काठमांडू। नेपाल में एक सड़क हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई है। यह दुर्घटना रुकुम पश्चिम जिले के सानिवेरी ग्रामीण नगर पालिका क्षेत्र में गुरुवार को हुई। रुकुम पश्चिम जिला प्रशासन कार्यालय के अनुसार हादसे में जीप सड़क से 400 मीटर नीचे जा गिरी, जिससे उसमें सवार लोगों को बड़ी मुश्किल से रेस्क्यू किया गया। रुकुम पश्चिम पुलिस ने बताया कि घटना में 22 वर्षीय एक महिला और उसके 22 दिन के बेटे की भी मौत हो गई। जीप में 15 लोग सवार थे, जिनमें से 5 लोगों की मौत हो गई जबकि 10 लोग घायल हो गए। घायलों में से 4 को हेलीकॉप्टर से इलाज के लिए नेपालगंज भेजा गया है।

## मुकेश अंबानी जलवायु परिवर्तन सम्मेलन की सलाहकार समिति में शामिल

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के प्रमुख मुकेश अंबानी को जलवायु परिवर्तन सम्मेलन की सलाहकार समिति में शामिल किया गया है। यह समिति जलवायु परिवर्तन पर पार्टियों के सम्मेलन (सीओपी-28) के 28वें सत्र की अध्यक्षता के लिए मार्गदर्शन एवं सलाह देने का काम करेगी। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की अध्यक्षता में सीओपी-28 ने अपनी वेबसाइट पर जारी एक बयान में इस बाबत जानकारी दी। सीओपी-28 की सलाहकार समिति में दुनिया के सभी हिस्सों के जलवायु विशेषज्ञ शामिल होंगे। समिति में 65 फीसदी लोग ग्लोबल साउथ (अल्प विकसित एवं विकासशील देश) से हैं।

अंबानी इस समिति में शामिल 31 अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों में एक हैं। इस समिति में मुकेश अंबानी के अलावा ब्लैकरॉक के सीईओ लैरी फिंक, सीमेंस के पर्यवेक्षी बोर्ड के चेयरमैन जो कैसर, क्रिसेंट पेट्रोलियम के अध्यक्ष बद्र जाफर, बीपी के पूर्व प्रमुख बॉब डुडले और चाइना पेट्रोकेमिकल कॉर्पोरेशन के फू चेंगयु शामिल हैं। इसके अलावा समिति में पर्यावरण विशेषज्ञ सुनीता नारायण भी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि मुकेश अंबानी आरआईएल के तहत नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने का काम कर रहे हैं। इसके अलावा वो अपने पारंपरिक कच्चे तेल के शोधन एवं पेट्रोकेमिकल्स कारोबार में विविधता ला रहे हैं।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।